।। श्री हरि शरणम्।।

रायसेन से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN/2012/43555

वर्ष - 12 अंक - 174

रायसेन

शनिवार, 21 दिसंबर 2024

● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया

Website : www.amritdarshan.com

रायसेन, नर्मदापुरम एवं भोपाल से प्रकाशित

**खास बात**

जिनमें कोई गुण नहीं होता वे ही बहुत बकवास करते हैं।

-विविध

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक की टक्कर से एलपीजी टैंकर में धमाका, 11 लोग जिंदा जले



**जयपुर।** भांकरोटा थाना इलाके में जयपुर-अजमेर हाइवे स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने शुक्रवार सुबह करीब पौने छह बजे एलपीजी टैंकर में हुए धमाके से 11 लोगों की जिंदा जल कर मौत हो गई। हादसे में 53 से अधिक लोगों को गंभीर हालत में एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा इतना भयानक था कि उसने करीब चालीस से अधिक वाहनों को चपेट में ले लिया, इसमें एक स्लीपर बस भी शामिल है, जो टैंकर के पीछे चल रही थी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दर्जनों गाड़ियां घटनास्थल और उसके आसपास पास के इलाके में आग बुझाती रही।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 11.32 करोड़ की ड्रग बरामद, दो गिरफ्तार



**मुंबई।** नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम ने गुरुवार रात मुंबई एयरपोर्ट पर 11.32 करोड़ रुपये की ड्रग के साथ बैंकाक से आए दो यात्रियों को गिरफ्तार किया है। दोनों यात्रियों ने बरामद ड्रग्स को वैक्यूम-सील प्लास्टिक पाउच में छिपाकर ट्रॉली बैग के अंदर रखा था। इस मामले की गहन छानबीन एनसीबी की टीम कर रही है। एनसीबी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि मुंबई एयरपोर्ट पर ड्रग सहित यात्री के आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर गुरुवार देर रात मुंबई एयरपोर्ट पर एनसीबी की टीम निगरानी कर रही थी। उनकी टीम ने बैंकॉक से आए दो संदिग्ध यात्रियों को रोका और उनके सामान की तलाशी। दोनों ने अपने सामान के अंदर 11.322 किलोग्राम ड्रग प्लास्टिक पाउच में छिपा कर रखा था, जिसे एनसीबी ने बरामद कर लिया। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है और दोनों से गहन पूछताछ जारी है।

### विकास को दर्शाता है प्रदेश में म्युचुअल फंड सेक्टर में सवा लाख करोड़ का निवेश

# सोलर ऊर्जा से किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के हो रहे प्रयास : सीएम डॉ. यादव

**इंदौर ■ ब्यूरो**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेज गति से आगे बढ़ रहा है। विभिन्न सेक्टरों के साथ म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री भी तेजी से आगे बढी है। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में निवेश 10 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 68 लाख करोड़ रूपये से अधिक हो गया है। प्रदेश में म्यूचुअल फंड में सवा लाख करोड़ रुपये का निवेश है, जो यहां हुए विकास को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में आयोजित म्युचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स के 2 दिवसीय निवेश मंत्रणा कार्यक्रम में ये बातें कहीं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उन्होंने कहा प्रदेश सरकार का बजट सवा तीन लाख करोड़ रुपये है जिसे बढ़ाकर 7 लाख करोड रुपये ले जाने के बड़े लक्ष्य के साथ प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। हम अनावश्यक खर्चों को कम करके आय में वृद्धि करने पर जोर देते हुए कार्य कर रहे है। देश और प्रदेश हर क्षेत्र में बड़े लक्ष्यों को लेकर आगे बढ़ रहा है। बदलते दौर में व्यवस्थाएं क्रांतिकारी रूप से परिवर्तित हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा बिजली उत्पादन के क्षेत्र में किसानों को सौर ऊर्जा पंप के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश में विशेष प्रयास किये जा रहे है। इस योजना के क्रियान्वयन से प्रदेश सरकार की बिजली पर खर्च होने वाली बडी राशि की बचत होगी। उन्होंने कहा प्रदेश में 2003 में 5 मेडिकल कालेज थे। वर्तमान में 30 मेडिकल कॉलेज है, जिसमें 5 हजार सीटे है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा आने वाले समय में प्रदेश में 52 मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जा रहा है।

सीएम ने कहा नदी जोड़ो अभियान में प्रदेश में 2 नदी जोड़ो अभियान पर विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। इन योजनाओं से प्रदेश में वर्तमान सिंचाई का रकबा 45 लाख हेक्टेयर से बढ़कर एक करोड़ हेक्टेयर हो जाएगा।

### युवाओं के कौशल विकास में बनाएंगे आत्मनिर्भर: यादव

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए समरस, समावेशी संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने अपनी अद्भुत दूरदृष्टि से हमें संविधान के रूप में जाति, लिंग, भाषा, धर्म, धन और शक्ति बल आदि के भेदभावों से मुक्त समावेशी, समरस समाज की धरोहर सौंपी है। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि जरूरत के मुताबिक और नए संकाय खोले जाएँगे। जनवरी माह में राज्यपाल की अध्यक्षता में कुलगुरूओं की बैठक में इस पर निर्णय लिए जाने का सीएम ने भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि युवाओं के कौशल विकास और स्पष्ट दिशा देने के साथ ही विवि की आत्मनिर्भरता के लिए प्रयास किए जाएँगे।

### सीएम आज उज्जैन आईटी पार्क का करेंगे भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन आईटी पार्क का भूमिपूजन 21 दिसंबर को करेंगे। कार्यक्रम उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज, इंदौर रोड में आयोजित होगा। इस अवसर पर कौशल विकास एवं रोजगार व उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उज्जैन आईटी पार्क लगभग 46 करोड़ रुपए की लागत से बनने जा रहा है। आईटी पार्क स्थापित होने से क्षेत्र में आईटी, आईटीएस, ईएसडीएम सेक्टर में निवेश के नए आयाम स्थापित होंगे और युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा। आईटी पार्क का विस्तार 2.16 हेक्टेयर भूमि पर होगा। पार्क की इमारत महाकाल की अनन्त की अवधारणा पर डिजाइन की जाएगी और 5 चरणों में इसका निर्माण होगा।

### लोकसभा से एक देश एक चुनाव विधेयक को जेपीसी को भेजा गया

# हंगामे की भेंट चढ़ा शीतकालीन सत्र दोनों सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**


संसद का शीतकालीन सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया। संसद सत्र की शुरुआत ही हंगामे के साथ हुई थी। पहले अदाणी मामला, फिर जॉर्ज सोरोस और इसके बाद आंबेडकर मुद्दे पर हंगामा हुआ। इसका असर संसद के कामकाज पर पड़ा। इस सत्र में राज्यसभा में केवल 40.03 फीसदी ही काम हुआ। जबकि लोकसभा का हाल भी कुछ ऐसा ही रहा है लोकसभा में भी महज 57.87 फीसदी काम हुआ।

राज्यसभा में शुक्रवार को एक देश एक चुनाव विधेयक के लिए बन रही जेपीसी में राज्यसभा के 12 सांसदों को नामित किया गया। इसके बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। सुबह जब राज्यसभा में कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्ष ने प्रदर्शन किया। इसके बाद सदन की कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित कर दी गई। इसके बाद सभापति ने सदन के नेता जेपी नड्डा और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने बिना किसी हंगामे के सदन चलाने के लिए कहा। जब सदन की कार्यवाही 12 बजे फिर से शुरू हुई तो सभापति ने विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से एक देश एक चुनाव विधेयक को लेकर बन रही जेपीसी के लिए उच्च सदन से सदस्यों को नामित करने का प्रस्ताव रखने के लिए कहा। जेपीसी के लिए 12 सदस्यों को नामित करने के प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

इसके बाद अपने समापन भाषण में सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि इस सत्र में 40.03 फीसदी ही काम हुआ। पूरे सत्र में 43 घंटा 27 मिनट काम हो सका। उन्होंने कहा कि सांसद के तौर पर देश के लोग हमारी कड़ी आलोचना कर रहे हैं। यह सही भी है क्योंकि लगातार हो रहे व्यवधान लोकतांत्रिक संस्थानों में जनता के विश्वास को लगातार कम कर रहे हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर हो रहे हंगामे के बीच लोकसभा से शुक्रवार को एक देश एक चुनाव से जुड़े दो विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा गया। सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। इस दौरान स्पीकर ओम बिरला ने कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से संविधान (129वां संशोधन) विधेयक 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक 2024 को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव पेश करने को कहा। हंगामे के बीच प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

**दोनों सदनों में कम ही हुआ कामकाज**




### संसद की घटना को लेकर सदन में हंगामा, विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का शुक्रवार को अंतिम दिन था। सत्र के दौरान कई विधेयक पारित हुए, साथ ही कई मुद्दों पर हंगामा भी हुआ। आखिरी दिन संसद में हुई घटना को लेकर पक्ष-विपक्ष आसंदी के पास तक पहुंच गए। इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। अम्बेडकर पर अमित शाह द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी को लेकर सुबह नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया था। विधायकों ने हाथों में संविधान की किताब लेकर जमकर नारेबाजी की। मध्य प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का पांचवां और अंतिम दिन कुल 28 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाए गए हैं, जिनमें लाडली बहना, परिवहन, स्कूल शिक्षा, जल जीवन मिशन समेत कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार जल जीवन मिशन में अनियमितता के मुद्दे पर ध्यानाकर्षण करेंगे। इसके अलावा, सदस्य स्मार्ट मीटर के कारण जनता में बढ़ रहे रोष, लाडली बहना योजना, परिवहन चौकी पर अवैध वसूली, और अन्य अहम मुद्दों पर भी मंत्रियों का ध्यान आकर्षित करेंगे

### हरियाणा के पूर्व सीएम ओपी चौटाला का निधन



**गुरुग्राम।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला का निधन हो गया है। वे 89 साल के थे। शुक्रवार को वे गुरुग्राम में अपने घर पर थे। उन्हें दिल का दौरा पड़ा। जिसके बाद साढ़े 11 बजे उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में लाया गया। करीब आधे घंटे बाद दोपहर 12 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

पीएम नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, सीएम नायब सैनी, पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखबीर बादल समेत बड़े नेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया

### कुछ लोग सोचते हैं ऐसा करके हिंदुओं के नेता बन जाएंगे :भागवत

# हर दिन मंदिर-मस्जिद विवाद उठाया जा रहा, ये सही नहीं

**पुणे ■ एजेंसी**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को मंदिर-मस्जिद विवादों के फिर से उठने पर चिंता जताई। भागवत ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि वे ऐसे मुद्दे उठाकर हिंदुओं के नेता बन जाएंगे। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

मोहन भागवत बोले- भारत को यह दिखाने की जरूरत है कि हम एक साथ रह सकते हैं। हम लंबे समय से सद्भावना के साथ रह रहे हैं। अगर हम दुनिया को यह सद्भावना देना चाहते हैं, तो हमें इसका एक मॉडल बनाने की जरूरत है।

भागवत ने किसी का नाम लिए बिना कहा- ये स्वीकार नहीं पुणे में सहजीवन व्याख्यानमाला में भारत विश्वगुरु पर व्याख्यान देते हुए भागवत ने ये बातें कहीं। उन्होंने किसी विशेष स्थान का नाम लिए बिना कहा, 'हर दिन एक नया मामला (विवाद) उठाया जा रहा है। इसकी अनुमति कैसे दी जा सकती है? हाल के दिनों में मंदिरों का पता लगाने के लिए मस्जिदों के सर्वेक्षण की कई मांगें अदालतों में पहुंची हैं।' हालांकि, भागवत ने अपने व्याख्यान में किसी का नाम नहीं लिया। भागवत बोले- राम मंदिर इसलिए बना, क्योंकि वो आस्था से जुड़ा था भारतीय समाज की बहुलता पर प्रकाश डालते हुए भागवत ने कहा कि रामकृष्ण मिशन में क्रिसमस मनाया जाता है। केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं, क्योंकि हम हिंदू हैं। उन्होंने कहा, हम लंबे समय से सद्भावना के साथ रह रहे हैं। अगर हम दुनिया को यह सद्भावना देना चाहते हैं, तो हमें इसका एक मॉडल बनाने की जरूरत है। राम मंदिर का निर्माण इसलिए किया गया क्योंकि यह सभी हिंदुओं की आस्था का मामला था।

## अंतर्मना उवाच

***एक तेरा होना - सबका होना है, पर मेरा ना होना - सिर्फ मेरा ना होना है..!***



*जब भक्त समस्याओं से घिर जाता है, या किसी मुसीबत में फंस जाता है, स्थिति- परिस्थिति जब प्रतिकूल हो जाती है, जब सहयोगियों के द्वार बंद हो जाते हैं, सगे संबंधी, इष्ट मित्र भी रूठ जाते हैं, उस समय सिर्फ और सिर्फ एक द्वार ही नजर आता है, एक ही संबल दिखाई देता है, जो सबका मालिक है, सुख दु:ख में सबका साथ देता है, सबका सहारा बनता है, विकट संकटों से निकलने के लिये भक्त उसी से गुहार लगाता है, उसी को अन्तर्मन से पुकारता है।* ***द्रवित मन से, दुखी मन से - की गई गुहार, अन्तर्मन की प्रार्थना बनकर, भक्त और भगवान के बीच के फासले को मिटा देती है*** *और भक्त - भगवान के बीच वार्तालाप शुरू हो जाता है।*

***जब मन की गहराईयों से या शांत और समर्पित भाव और अन्तरात्मा से जो कुछ निकलता है, वो डायरेक्ट परमात्मा तक पहुंच जाता है।*** *जब कभी कुछ कहने की आवश्यकता पड़े तो ये प्रार्थना पर्याप्त है -* ***हे परमात्मा, मेरे दु:खों का क्षय हो, कर्मों का नाश हो, विवेक-बुद्धि, सद्ज्ञान का उजास हो और आपके अनंत सुख की प्राप्ति हो। उनसे क्या मांगू - आप से मांग लेता हूँ.. आप से क्या मांगू - आपको ही मांग लेता हूँ..!!!***

■अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

# मेंडोरी के जंगल में कार से 52 किलो सोना और 10 करोड़ नगद बरामद



**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बीते तीन दिन से अगल-अलग कारोबारियों के यहां लोकायुक्त और आयकर विभाग के छापे के बाद अब यहां मेंडोरी के जंगल में एक गाड़ी में 52 किलो सोना बरामद हुआ। इसके साथ ही 10 करोड़ रुपये नकद भी मिले हैं। सोने की कीमत 40 करोड़ 47 लाख रुपये आंकी गई है। गुरुवार की दरमियानी रात दो बजे 30 गाड़ियों में पहुंची आयकर विभाग और पुलिस की टीम ने वाहन को पकड़ा है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये सोना और नकद राशि किसकी है। जिस कार इनोवा क्रिस्टा में यह सोना और नकदी मिली है, वह ग्वालियर की है और चंदन गौर के नाम से रजिस्टर्ड है। चंदन गौर का जुड़ाव पूर्व परिवहन के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा से बताया जा रहा है।

दरअसल, सौरभ शर्मा के कार्यालय और आवास पर गुरुवार को लोकायुक्त पुलिस ने छापा मारा था। पुलिस को दोनों जगह से दो करोड़ 85 लाख रुपये नकद, 50 लाख रुपये के गहने और दो करोड़ रुपये की अन्य संपत्ति की जानकारी मिली थी। सौरभ शर्मा एक पूर्व मंत्री सहित कई अधिकारियों और नेताओं के करीबी बताए जाते हैं।

आयकर विभाग के सूत्रों के अनुसार, एक खुफिया जानकारी मिली थी कि जंगल में एक कार खड़ी है, जिसमें भारी मात्रा में पैसे रखे हैं। इसके बाद आयकर विभाग की टीम गुरुवार की रात करीब दो बजे मेंडोरी के जंगल में पहुंची, जहां इनोवा कार के पास पहले से करीब 100 पुलिसकर्मी और 30 गाड़ियां थीं। संभवतः पुलिस को भी इसके बारे में सूचना मिली होगी। कार पूरी तरह से लॉक थी। ऐसे में आयकर विभाग की टीम ने साथ पहुंचे गनमैन की गन के बट से कार का कांच तोड़ा और गेट खोलकर बैग निकाले गए। इन बैग में भारी मात्रा में नकदी और सोना मिला।




## संक्षिप्त समाचार

### चांदतारा देवी जावंधिया का 74 वर्ष की आयु में निधन

**पिपरिया।** समाजसेवी व्यवसायी जयनारायण, प्रदीप जावंधिया की भाभीजी, माहेश्वरी सभा प्रदेश सदस्य अनिल जावंधिया, माहेश्वरी सेवा मंडल कार्यकारिणी सदस्य हरीश जावंधिया की माताजी, रिया, अक्षत की दादीजी, ओमप्रकाश, डॉ. राजेश, प्रशांत, सुशील, प्रवीण, राकेश, प्रमोद, विवेक की चाचीजी, अमोल, सौरभ, शुभम की बड़ी मम्मी चांदतारा देवी जावंधिया पत्नी स्व.चंद्रगोपाल जावंधिया उम्र 74 वर्ष का निधन हुआ। अंतिम यात्रा निज निवास आनंद बाग कॉलोनी पिपरिया से 21 दिसंबर को प्रात: 11:00 बजे निकलेगी।

### फर्जी अनुबंध पर जमीन बेचने का बनाया दबाव

**ग्वालियर।** ग्वालियर में अलग-अलग तरीके से लोगों के साथ ठगी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। ऐसे ही एक ठगी के मामले में पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर फर्जी पांच ठगों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया है। आरोपियों फर्जी अनुबंध के आधार पर महिला पर रजिस्ट्री कराने का दबाव बना रहे थे। जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाने पहुंचकर की थी, उसी शिकायत और जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज किया है। फिलहाल सभी आरोपी अभी फरार है जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस उनके संबंधित ठिकानों पर दबिश दे रही है। मुरार थाना प्रभारी मदन मोहन मालवीय ने बताया कि कल्पना नगर मुरार निवासी प्रीति गर्ग ने शिकायत की थी। बताया था कि उसकी सुनारपुरा में 6 बीघा 10 बिस्वा जमीन है।

### नाइजीरियन युवकों से कनाडा के वीजा के नाम पर ठगी

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक ठग द्वारा नाइजीरिया के तीन युवकों को कनाडा का वीजा दिलाने के नाम पर ठगने का मामला सामने आया है। ठग ने युवकों से 20 हजार रुपए का ऑनलाइन पेमेंट कराते हुए उन्हें वीजा लेने ग्वालियर बुला लिया। यहां पहुंचकर जब युवकों ने कॉल किया तो आरोपी ने फोन नहीं उठाया। काफी देर इंतजार करने के बाद पीड़ित युवक पुलिस के पास पहुंचे और घटना की जानकारी दी। ठग का नंबर ट्रेस करने पर वह पंजाब का निकाला। खुद के साथ हुई ठगी की जानकारी मिलने के बाद युवक वापस गुजरात लौट गए। पीड़ित युवकों ने बताया कि वे पढ़ाई करने के लिए नाइजीरिया से अहमदाबाद (गुजरात) आए हैं। उन्हें आगे की पढ़ाई करने के लिए कनाडा जाना था। इसलिए वह ऑनलाइन वीजा के लिए गूगल पर सर्च कर रहे थे। इस दौरान उन्हें आरोपी का नंबर मिला था।

### एमपी में नर्सिंग काउंसिल के चेयरमैन और रजिस्ट्रार को हटाया

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश सरकार ने शुक्रवार को नर्सिंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. जितेन चंद्र शुक्ला और रजिस्ट्रार अनीता चांद को पद से हटा दिया है। हाईकोर्ट के निर्देश पर सरकार ने ये कार्रवाई की है। दरअसल, गुरुवार को सुनवाई में हाईकोर्ट ने बहुचर्चित नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े मामले को लेकर राज्य सरकार पर नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने निर्देश दिए थे कि 24 घंटे के भीतर आदेश का पालन करते हुए नर्सिंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. जितेन चंद्र शुक्ला और रजिस्ट्रार अनीता चांद को पद से हटाया जाए।

### सुशासन सप्ताह के अंतर्गत कमिश्नर ने सिवनी मालवा का किया दौरा

# बढ़ते अतिक्रमण को हटाने, रैन बसेरा बनाने, अलाव जलाने के लिए निर्देशित किया

**सिवनी मालवा ■ निसं**

सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन आपके ग्राम थीम पर नर्मदापुरम आयुक्त के.जी.तिवारी ने गुरुवार को सिवनी मालवा नगर सहित ग्रामीण अंचल का दौरा किया। इस दौरान आयुक्त ने बानापुरा में लगाए गए मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने शासन द्वारा चलाए जा रही जनहितकारी योजनाओं और आमजन की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। शिविर में 46 आवेदन प्राप्त होने की जानकारी दी गई। शिविर में कुछ महिलाओं ने कमिश्नर को बताया कि हम जिस जमीन पर रह रहे हैं अभी तक उसके हमें पट्टे नहीं दिए गए जिसके कारण प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ हमें नहीं मिल पा रहा है। जिस पर कमिश्नर ने एसडीएम सरोज सिंह परिहार, सीएमओ और तहसीलदार को निर्देश दिए की सभी समस्याओं का शीघ्र निदान किया जाए। इस दौरान आयुक्त को बताया गया कि शहर की कुछ कालोनियों में राजस्व विभाग ने रिकार्ड में शासन अंकित कर दिया हैं। जिससे वहा रह रहे लोगों को अपनी संपत्ति विक्रय आदि कार्यों में काफी दिक्कते हो रहीं हैं। कालोनीवासी तहसील के चक्कर लगा लगा कर परेशान हैं। जिस पर आयुक्त श्री तिवारी ने कहा कि प्रशासन से भी गलतियां हो जाती हैं। उन्होंने एसडीएम सिवनी मालवा को निर्देशित किया कि इसे शीघ्र दुरुस्त किया जाए। आयुक्त ने वार्डो में लगाए जा रहे शिविरों से पूर्व सुशासन सप्ताह, प्रशासन आपके द्वार थीम का 1 दिन पहले अनाउंस, फ्लेक्स के माध्यम से प्रचार प्रसार करने के सीएमओ को निर्देश दिए।



#### आयुक्त ने रैन बसेरा और जलाएं जा रहे अलाव की जगह देखने को कहा

इसके उपरांत आयुक्त श्री तिवारी ने सीएमओ शीतल भलावी से कहा कि नगर पालिका द्वारा सिवनी मालवा में रैन बसेरे कहां चल रहा है और कड़कड़ाती ठंड में नगर में कहाँ-कहाँ अलाव जलाए जा रहे हैं। मुझे ले चलकर दिखाएं। जिस पर आयुक्त नगर की ओर बड़े तो उन्हें ना तो कहीं अलाव जलाने की जगह दिखाई गई और ना कहीं रेन बसेरा का बैनर लगा पाया गया। जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि क्या नगर में नगर पालिका रात में आने जाने वाले मुसाफिरों के लिए रैन बसेरा नहीं बना सकती। शीघ्र शहर के प्रमुख दो-तीन स्थानों पर रेन बसेरा बनाया जाए और विधिवत उसके सामने नाम अंकित किया जाए कि यहां रेन बसेरा है। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि शहर के प्रमुख स्थल जयस्तंभ चौक, गांधी चौक, अस्पताल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि प्रमुख स्थानों पर अलाव जलवाए जाएं।

कुछ लोगों ने कहा कि रेन बसेरा बस स्टैंड के ऊपर चल रहा है। जिस पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा कैसा रेन बसेरा है। जिसका कोई बोर्ड ही नहीं लगा है। व्यवस्थित तरीके से रैन बसेरा चलाया जाए। उसमें गर्म पानी की व्यवस्था, हीटर, कंबल, रजाई, गादी आदि की सुचारु व्यवस्था की जाए। वहीं नागरिको ने आयुक्त को बताया कि शहर में कहीं भी अलाव नहीं जल रहे हैं। जिस पर नगर पालिका सीएमओ शीतल भलावी और राजस्व निरीक्षक अमर सिंह उइके आयुक्त को मोबाइल में जलते हुए अलाव की फोटो दिखाने लगे। इस पर आयुक्त ने कहा कि इतने लोग शहर के अगर बोल रहे हैं तो क्या ये झूठ बोल रहे हैं। व्यवस्थित तरीके से अलाव जलाएं जाए। आयोग के.जी.तिवारी ने एसडीएम, तहसीलदार, सीएमओ से कहां की आप हम सब मानव है और मानवीयता के आधार पर ठंड के इस मौसम में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि ऐसे स्थान पर जहां लोगों को ओढ़ने बिछाने का कोई साधन न हो। उन्हें रात में जाकर कंबल बांटे, जनप्रतिनिधियों को भी ले जाएं।

#### एसडीएम को नगर का अतिक्रमण हटाने को कहा

आयुक्त जब नगर में आए तो उन्होंने शहर में भयंकर अतिक्रमण और अव्यवस्थित नगर को देखकर नाराजगी व्यक्त की और एसडीएम, सीएमओ और नपाध्यक्ष रितेश जैन से कहा की शीघ्र ही शहर का अतिक्रमण हटाया जाए। व्यवस्थित बाजार किए जाएं और दोबारा कोई अतिक्रमण नहीं करें इसकी भी व्यवस्था की जाए। उन्होंने एसडीएम श्रीमती परिहार को निर्देशित किया कि राजस्व, नगर पालिका और पुलिस के साथ शहर को व्यवस्थित किया जाए।

## बुदनी पुलिस ने किया लूट का खुलासा 4 आरोपी गिरफ्तार




**बुदनी।** बुदनी के मिडघाट पर कुछ दिन पूर्व गाडी रोककर कट्टा अडाकर अज्ञात लोगो ने एक लूट को अंजाम दिया था जिसमे बुदनी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर टीम गठित कर लूट के 4 आरोपीयों को गिरफ्तार किया है जिनके पास से सोने की चैन नगद एवं कार सहित लगभग साढ़े पांच लाख रूपये का मशरूका जप्त किया। एक अन्य आरोपी की तलाश जारी।

## बस स्टैंड परिसर के नाले में गिरा ट्रैक्टर छतिग्रस्त, क्रेन से निकाला



#### खुले नाले में पहले भी घट चुकी घटनाएं

**माखननगर ■ निसं**

नगर के बस स्टैंड परिसर में स्थित खुले नाले में शुक्रवार को फुरतला के एक किसान का टेक्टर गिरने का मामला सामने आया जिसे क्रेन की सहायता से बाहर निकाला गया। सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार की दोपहर फुरतला के एक किसान का टेक्टर उसका चालक लेकर आया और बस स्टैंड परिसर में खुले नाले तरफ खड़ा करके नास्ता करने होटल चला गया। टेक्टर न्यूज था जो बाहनों की आवाजाही के कम्पन मैं अपने आप चलकर नाले में जा गिरा। टेक्टर बुरी तरह छतिग्रस्त हो गया इतना ही नहीं अगला पहिया टूटकर नाले में गिर गया। सबसे अच्छी बात यह रही कि घटना के वक्त टेक्टर पर कोई सवार नहीं था और न ही आसपास कोई मौजूद था। नाले में गिरे टेक्टर को देखने वालों का तांता लग गया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक नगर परिषद द्वारा निर्मित बगैर बाऊंड्री बाले इस खुले नाले में इसके पूर्व भी वाहन, पशु व मानव के घिरने की घटना घटित हो चुकी है। बस स्टैंड से जुड़े रहने वालों की माने तो इसके पूर्व एक आटो, एक गौवंश और नशे की हालत में एक व्यक्ति भी इस नाले में गिर चुके हैं हालांकि इन घटनाओं में कोई हताहत नहीं हुआ था।

### साल की सबसे लंबी रात आज

## दोपहर 2 बजकर 50 मिनिट पर सूर्य होगा ठीक मकर रेखा पर

**सोहागपुर ■ निसं**

आज सूर्य अपनी छ: माह की दक्षिण? यात्रा का समापन करने जा रहा है। इसके बाद इसकी वापसी उत्तर की ओर यात्रा आरंभ होगी। विंटर सोलिस्टस की इस खगोलीय घटना की जानकारी देते हुये सोहागपुर निवासी नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि सूर्य किरणें आज (21 दिसम्बर) भारतीय समयानुसार दोपहर 2 बजकर 50 मिनिट पर मकर रेखा पर लबंवत होने जा रही हैं इसके बाद सूर्य की कर्क रेखा की ओर उत्तरायण यात्रा आरंभ होगी। उत्तरायण यात्रा आरंभ होने की दिनांक को देखते हुये भारत के सहप्रायोजन में संयुक्त राष्ट्रसंघ ने 21 दिसम्बर को विश्वध्यान दिवस या वर्ल्ड मेडिटेशन डे घोषित किया है।

इस खगोलीय घटना के कारण उत्तरी गोलार्द्ध के शहरो में आज दिन सबसे छोटा और रात सबसे लंबी होगी।




सारिका ने बताया कि विगत छ: माह से उत्तरी गोलार्द्ध में अब तक सूर्य दक्षिण दिशा में जाता महसूस हो रहा था। अब यह उत्तर की और जाना आरंभ करेगा। वैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो आज दोपहर 2 बजकर 50 मिनिट के बाद सूर्य का उत्तरायण आरंभ हो जायेगा।

सारिका ने बताया कि विंटर सोलस्टिस की यह खगोलीय घटना 20, 21 ,22 या 23 दिसम्बर को हो सकती है। लेकिन 20 या 23 दिसम्बर को यह कम ही होती है। दिन रहेगा छोटा रात लंबी।

### लोकार्पण के बाद भी बिल्डिंग पर ताला लटका

**सीहोर।** शासकीय जिला अस्पताल परिसर में नवनिर्मित भवन के लोकार्पण को दो माह बीत चुके हैं, लेकिन यहां मरीजों का उपचार शुरू नहीं हुआ। लोकार्पण के बाद से ही भवन में ताले लगे हैं और नई बिल्डिंग अभी तक अस्पताल प्रबंधन को हेंडओवर नहीं की गई है। जिला चिकित्सालय में 150 बेड की नई बिल्डिंग 31 करोड 8 लाख रुपए की लागत से तैयार की गयी थी। जिसमें 50 बिस्तर क्रिटिकल केयर यूनिट की हैं। 15 अक्टूबर को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, सीहोर विधायक सुदेश राय, नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर भवन का लोकार्पण किया था। आनन-फानन में भवन का लोकार्पण तो कर दिया गया लेकिन दो माह बाद भी यहां अस्पताल प्रारंभ नहीं हो सका है।

## शोभापुर में पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन हुआ



**सोहागपुर ■ निसं**

मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत आज ग्राम शोभापुर में पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया जिसका श्री तेज़दीप सिंह शासन व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 सोहागपुर एवं संजय अग्रवाल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोहागपुर तथा श्रीमती माया दीवान शाह सरपंच ग्राम पंचायत शोभापुर द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में अभियान के तहत शामिल सभी योजनाओं की जानकारी संजय अग्रवाल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा दी गई।

शासन व्यवहार न्यायाधीश द्वारा जनता से जुड़े कानूनों की जानकारी देकर इसी शिविर के साथ-साथ विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित हुए और ग्राम के सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया। शिविर में विभिन्न विभागों के 72 आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण सभी संबंधित विभागों द्वारा शीघ्र करके संबंधितों को सूचित किया जाएगा और स्वीकृति आदेशों का वितरण भी किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शिविर ग्राम पंचायत थरड़पूरा में आयोजित

**खरकगोन ■ निसं**

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शिविर ग्राम पंचायत थरड़पूरा में आयोजित हुआ, जिसमें सहकारिता विभाग की संस्था भगवानपुरा द्वारा केसीसी पशुपालन योजना में 09 सदस्यों को ऋण वितरण कर प्रमाण वितरण किए गए।

संस्था प्रबंधक गौतम लाड़ द्वारा बताया गया कि सहकारिता विभाग द्वारा कृषि भूमि पर शून्य प्रतिशत पर केसीसी ऋण, पशु पालन हेतु केसीसी पशुपालन ऋण, मत्स्य पालन हेतु केसीसी मत्स्य पालन ऋण प्रदाय किया जा रहा हैं। सहकारिता विभाग का मुख्य उद्देश्य हैं कि क्षेत्र के सभी भूमिधारी सदस्यों को शून्य प्रतिशत पर योजनाओं का लाभ दिलवाया जा सके।



शिविर की में भारती अवासे, जनपद सीईओ सर, तहसीलदार महोदय, सरपंच रेलाश के साथ सभी विभाग के कर्मचारी अधिकारी ओर ग्राम के निवासी उपस्थित थे।

जिसमें सभी विभाग के अधिकारियों द्वारा आवेदन प्राप्त कर समस्या का निराकरण किया गया। आज के कार्यक्रम में सीईओ पवन शाह जी तहसीलदार महोदय स्वास्थ्य विभाग पीएचई विभाग नोडल अधिकारी महेश पाटीदार जी सचिन होसी लाल राठौर रोजगार सहायक परशुराम जी उपस्थित थे।

## 22 दिसंबर को माझी महासम्मेलन में जुटेंगे प्रदेश के कार्यकर्ता बंधु

**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

22 दिसंबर को 11:00 बजे माझी समाज का प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन शिव-हनुमान मंदिर प्रांगण भीलपुरा, नर्मदापुरम में आयोजित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश माझी आदिवासी समाज सेवा संगठन नर्मदापुरम समिति के अध्यक्ष रमेश माझी चौरासिया जी ने बताया की वरतमान मे माझी समाज अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है गरीबी शिक्षा के करण माझी समाज का जीवन स्तर आज भी दयनीय स्थिति में है।

मात्र माझी जाति को छोड़कर देश देश-प्रदेश में सभी जातियां उन्नति की राय पर हैं परंतु विगत 30-35 सालों से माझी जाति के अंतर्गत आने वाली केवट, कहार ढीमर, बाथम कश्यप आदि जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में डाल रखा है इस करण से समाज के माजी समाज के लोगों को राजनीतिक एवं शासकीय सेवाओं में लाभ नहीं मिल पा रहा है! बीजेपी और कांग्रेस की सरकारों ने भी माझी समाज के उत्थान के लिए कोई कदम नहीं उठाए हैं, चुनावो में बीजेपी की नैया पार लगाने वाली माझी जाति आज भी अपनी दुरदशा हाथों में पर आंसू बहा रही है।

इसलिए इस बैठक के माध्यम से मध्य प्रदेश में राजनीतिक पार्टी के गठन पर विचार किया जाएगा साथ ही अनुसूचित जनजाति मे शामिल करने के लिए पुरजोर मांग उठाई जायेगी क्योंकी आरक्षण नहीं मिलने से माझी जाति का युवा वर्ग भी नौकरी एवं अन्य शासकीय सेवाओं में अपना आवेदन शर्तों की पूर्ति नहीं कर पाता.यह की जल जंगल जमीन के अधिकार भी छीने जा रहे हैं नदी, तालाब सरोवरो में मत्स्य पालन, आखेट, माझी जाति के लोग नहीं कर पा रहे हैं ठेके किसी और को दिये जा रहे हैं। इसलिए आज पूरे मध्य प्रदेश में माझी समाज में नाराजगी व्याप्त है. समाज के लोगों ने तय किया की अभी हम स्वयं ही नवीन राजनीतिक पार्टी का गठन करेंगे तथा चुनाव मैदानों में उतर कर सभी प्रकार के चुनाव में हम यहां पर अपने प्रत्याशियों को चुनावी रण मे उतारेंगे और अपने अधिकारों को पाने के लिए काम करेंगे।

रमेश चौरासी जी ने बताया की इस मीटिंग में इंदौर, खंडवा, ग्वालियर,भोपाल, रायसेन,रीवा, सतना,सिंगरौली, शहडोल, सीधी, जबलपुर, छिंदवाड़ा, बेतुल, नरसिंहपुर, हरदा, नर्मदापुरम, भिंड, मुरेना शिवपुरी, सीहोर, विदिशा जिलों के कई प्रतिनिधि यहां पर ईस बैठक में शामिल होने जा रहे हैं ये लोग एक बड़ी योजना कार्य करेंगे और यहां पर एक राजनीतिक पार्टी के गठन के लिए भी एकमत होकर समर्थन देंगे।

## आनंद मेला एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया

**सोहागपुर ■ निसं**

पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर में आज आनंद मेला एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें न्यायधीश सुरेश कुमार चौबे (जिला न्यायाधीश) महाविद्यालय शासी निकाय अध्यक्ष कैलाश पालीवाल , महाविद्यालय शिक्षा समिति अध्यक्ष कन्नूलाल अग्रवाल,सचिव हमीर सिंह चंदेल, शिक्षा समिति अध्यक्ष कन्नूलाल अग्रवाल, प्राचार्य एन के नीखरा, शेर खान (अध्यक्ष अधिवक्ता संघ), पूनम ठाकुर(जिला विधिक जागरूकता अधिकारी),एन एस. एस .अधिकारी .एस.ठाकुर, भानु तिवारी,संजय तिवारी अभिलाष सिंह चंदेल, जय भानु सिंह चंदेल ,शिव कुमार पटेल, ललित शर्मा, शंकर लाल मालवीय आदि अधिवक्ताओं की उपस्थिति में सभी छात्र-छात्राओं को कानून संबंधी जानकारी दी गई जिसमें बाल शोषण, ट्रैफिक नियम , साइबर क्राइम, दुर्घटना बीमा क्लेम एवं छात्र-छात्राओं को कानून की जानकारी दी गई ।

न्यायाधीश द्वारा बताया गया यदि किसी बच्चे या महिला के साथ कोई दुर्व्यवहार किया जाता है तो उसे कहां किस तरीके से अपनी शिकायत दर्ज करना है । स्व.डॉ.अरविंद सिंह चौहान साहब के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित आनंद मेले में शामिल होकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया एवं सु स्वाद व्यंजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं सभी विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता प्रदर्शित की।

### क्राइम पेट्रोल देखकर सीखा हत्या का तरीका

# जीजा-साले ने तलवार से काटा पत्नी के प्रेमी का गला, आरोपी गिरफ्तार

**सीहोर ■ निसं**

जिले की बिलकिसगंज पुलिस ने 24 घंटे में अंधे कत्ल का खुलासा किया है। प्रेम प्रसंग हत्या का कारण बना, जिसमें जीजा-साले ने मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों आरोपी शिव नारायण और धर्मेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, 18 दिसंबर को थाने में सूचना प्राप्त हुई थी कि, ग्राम हिनौती में मनोज वर्मा के खेत पर किसी व्यक्ति का शव खून से लथपथ पड़ा है। सूचना पर बिलकिसगंज पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। जहां एक व्यक्ति का शव खेत की मेड़ पर पड़ा मिला, जिसका किसी धारदार हथियार से गला काटा गया था।

**प्रेम प्रसंग के चलते की हत्या:** मृतक की पहचान रूप सिंह पिता फूलसिंह (25) निवासी ग्राम हिनौती के रूप में हुई थी। पुलिस को ग्राम हिनौती और उसके आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि रूप सिंह का गांव की ही एक महिला से प्रेमप्रसंग चल रहा था। इसी कारण रूपसिंह का महिला के पति शिव नारायण से वाद विवाद भी हुआ था।




शंका होने पर टीम ने शिवनारायण की तलाश कर उससे सख्ती से पूछताछ की। उसने बताया कि उसकी शादी 2013 में ग्राम हिनौती की महिला से हुई थी। शादी के कुछ साल उसे पता चला कि पत्नी का ग्राम हिनौती के ही रूपसिंह से प्रेम प्रसंग था। उसने बताया कि मैंने अपनी पत्नी को रूपसिंह से मिलने से मना किया तो वह मान गई थी।

**क्राइम पेट्रोल देखकर सीखा हत्या करने का तरीका:** इसके बावजूद रूप सिंह उसकी गैर मौजूदगी में घर के आसपास आता जाता रहता था। इसके बारे में उसने अपने साले धर्मेंद्र को बताया तो दोनों ने रूपसिंह की हत्या करने की योजना बनाई। आरोपी ने बताया कि उसने सावधान इंडिया और क्राइम पेट्रोल टीवी शो देखकर हत्या करने का तरीका सिखा।

आरोपी ने बताया कि वह 18 दिसंबर की रात को अपनी बिना नंबर की बाइक से घर से तलवार लेकर निकाला। योजना के मुताबिक साला धर्मेंद्र मुझे रातीबड़ में मिला। इसके बाद दोनों रूपसिंह के खेत के पास पहुंचे।

**तलवार से गला काटकर हुए फरार:** इसके बाद दोनों उसके सोने का इंतजार करने लगे। इसके बाद रूपसिंह जैसे ही सोने के लिए अपने खाट के पास गया तो तलवार से उसके सिर पर वार किया। तलवार की मामूली चोट से वह जाग गया।

भोपाल में आईएएस सर्विस मीट का शुभारंभ, सीएम बोले

# कर्म तो सब करते हैं, भाग्य परमात्मा देता है

भोपाल ■ निसं



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को प्रशासन अकादमी भोपाल में आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित सिविल सर्विस मीट 2024 के तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि कर्म तो सब लोग करते हैं, भाग्य परमात्मा देता है। आपने इस मार्ग पर चलते हुए न केवल कर्म किया बल्कि भाग्य भी पाया। इसलिए मैं आपको दोनों तरह से बधाई देना चाहता हूं। इतने बड़े देश में, इतनी बड़ी आबादी में यदि आईएएस अधिकारियों की संख्या देखी जाए तो नगण्य है। सीएम मोहन ने अपने सम्बोधन में कहा कि इतने बड़े देश की इतनी विविधता और चुनौतियों के बीच, हमारे देश की दुनिया में जो पहचान बनी है, उसमें सबसे बड़ी भूमिका आईएएस अधिकारियों की है। यह निश्चित रूप से हमारे लिए गौरवान्वित करने वाली बात है। इस कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री ने आम जनता के द्वारा उनको मुख्यमंत्री बनाने का मौका देने के लिए आभार भी प्रकट किया।

**वह चाय वाले को पता था:** सीएम ने कहा कि पढ़े-लिखे होने के बावजूद मनमोहन सिंह को नहीं मालूम था कि जीरो बैलेंस पर अकाउंट खुल सकता है। लेकिन ये चाय वाले को मालूम था। सीएम ने श्रीमद् भागवत का एक दृष्टांत भी सुनाया। सीएम ने कहा कि कर्म तो सब लोग करते हैं, भाग्य परमात्मा देता है। आपने इस मार्ग पर चलते हुए न केवल कर्म किया बल्कि भाग्य भी पाया। इसलिए मैं आपको दोनों तरह से बधाई देना चाहता हूं। इतने बड़े देश में, इतनी बड़ी आबादी में यदि आईएएस अधिकारियों की संख्या देखी जाए तो नगण्य है।

### 21 दिसंबर को बोट रेस से शुरुआत

सुबह सर्विस मीट की शुरुआत बोट क्लब पर बोट रेस से होगी। इसके बाद टी20 फुटबॉल, कुकिंग कॉम्पिटिशन, टी5 क्रिकेट, फन गेम, पेंटिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, पूल, कैरम, बिलियर्ड, ब्रिज और अंताक्षरी का आयोजन किया जाएगा। अरेरा क्लब में ही डीजे नाइट होगी।

### 22 दिसंबर को होंगे ये कार्यक्रम

सुबह साइक्लिंग के बाद अरेरा क्लब में टंग आफ वॉर, क्विज, डम शिराज, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, पूल, बिलियर्ड, ब्रिज का आयोजन किया जाएगा। प्राइस डिस्ट्रीब्यूशन के साथ सर्विस मीट का समापन होगा।




भोपाल। भोपाल में जवाहर चौक स्थित जैन मंदिर में शुक्रवार को अखिल भारतीय दिगम्बर जैन युवक-युवती परिचय की स्मारिका विमोचन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### भेल कर्मचारियों की मांगों को लेकर सीटू का ज्ञापन

**भोपाल।** सीटू यूनियन के महासचिव दीपक गुप्ता के नेतृत्व में बीएचईएल के कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों ने अपने अधिकारों को लेकर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) बी के सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों की कई महत्वपूर्ण मांगें शामिल थीं। यूनियन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की जाती है, तो यूनियन को मजबूरन बड़ा आंदोलन शुरू करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारी और ठेका श्रमिकों के अधिकारों के लिए सीटू किसी भी हद तक जा सकती है। ज्ञापन में मुख्य रूप से यूनियन ने नई भर्ती की प्रक्रिया को शुरू करने, अनुकंपा नियुक्ति की व्यवस्था को पुन: लागू करने, रात्रि कालीन भत्ते में वृद्धि और ठेका श्रमिकों के वेतन को केंद्रीय स्तर का करने की मांग सहित कर्मचारियों के अन्य लंबित मुद्दों पर भी ध्यान देने की अपील की गई। इस अवसर पर यूनियन के अध्यक्ष लोकेंद्र शेखावत, कोषाध्यक्ष शाहिद अली, राजेश रजक, नरेश जादौन, अरविंद राज और विनय सिंह सहित कई कर्मचारी शामिल थे।

### नये साल पर सुरक्षा को लेकर एक्शन मोड में पुलिस

**भोपाल।** नये साल के आगमन के दौरान इन दिनो राजधानी पुलिस आदतन बदमाशो, नशा तस्करो के खिलाफ एक्शन मोड में नजर आ रही है। इसी कड़ी में शहर में शांति, सुरक्षा बनाये रखने के लिये न्यायालय पुलिस आयुक्त द्वारा 10 आदतन अपराधियों को शहर से बाहर करने के लिये जिला बदर के आदेश दिये गये है। जिला बदर किये जाने वाले बदमाशो में विशाल राव पिता भगवान सिंह (32), शुभम चौहान पिता राजमल चौहान (22) दोनो निवासी थाना शाहपुरा, रोहित सांवरे उर्फ बंटी उर्फ कन्ट्री पिता नानेष्वर सांवरे (28), गोविंद शर्मा उर्फ बच्चा पिता पदम प्रसाद (29) दोनो निवासी, थाना टीटीनगर, परवेज पिता प्यारे मियां (39) निवासी, थाना हनुमानगंज, पप्पू उर्फ राज राठौर पिता स्व. संजू राठौर (19) निवासी, थाना श्यामलाहिल्स, मन्नू उर्फ मनोज पिता लक्ष्मी नारायण (45) निवासी थाना पिपलानी, जयसिंह तोमर उर्फ चमन तोमर पिता चन्द्रसिंह (22) निवासी, थाना शाहपुरा, गौरव कुचबंदिया (सौदा) पिता सरवन कुचबंदिया (26) निवासी, थाना तलैया, दिलीप पडोलिया पिता पन्नालाल पडोलिया (36) निवासी, थाना निशातपुरा के नाम शामिल है। अफसरो का कहना है की जिला बदर किये गये बदमाशो के खिलाफ शहर के अनके थानों में हत्या, बलात्कार, मारपीट, चोरी, छेडछाड, शराब तस्करी एवं आर्म्स एक्ट समेत अनेक मामले दर्ज होकर न्यायालय में विचाराधीन है। समय-समय पर चलाये गये विशेष अभियान के दौरान उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है। लेकिन बदमाश लगातार अपराधिक वारदातो में लिप्त रहे जिसके चलते उनके खिलाफ जिला बदर की कार्यवाही की गई है।

### नकल रोकने कलेक्टर गठित करेंगे उड़नदस्ता

**भोपाल।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं-12वीं की परीक्षाओं का काउंटडाउन शुरू हो गया है। इसके लिए माशिमं ने अपनी व्यवस्था में अहम बदलाव किया है। अब हरेक जिले में कलेक्टर ही फ्लाइंग स्क्वाड गठित करेंगे। इसके पहले स्कूल शिक्षा विभाग अपने स्तर पर फ्लाइंग स्क्वाड (उडन् दस्ता) गठित करता था। लेकिन, अब ऐसा नहीं होगा। अलग-अलग दल के बदले केंद्रीयकृत व्यवस्था रहेगी। इस बार प्रदेश भर में करीब 550 संवेदनशील परीक्षा केंद्र हैं। हर जिले में परीक्षा केंद्रों की संख्या के हिसाब से कलेक्टर जो दल गठित करेंगे, उनकी मॉनिटरिंग माशिमं करेगा। इसके तहत टीम लीडर को माशिमं द्वारा तैयार किए गए एप में रजिस्टर करना होगा। इसके माध्यम से उनकी ट्रेकिंग की जाएगी। माशिमं के सर्वर में यह जानकारी रहेगी कि कौन सा दल किस परीक्षा केंद्र में गया है।

मध्य प्रदेश की लोक संस्कृति की प्रस्तुतियों के साथ बाल रंग का रंगारंग उद्घाटन

# बरेदी बैगा, गौर,ठीमरयाई, गणगौर, तथा गायकी नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां हुई

भोपाल ■ निसं



स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बाल रंग समारोह का रंगारंग उद्घाटन हुआ, आज प्रथम दिवस राज्य स्तरीय साहित्यिक ,संस्कृत योग,मदरसा निशक्तजन, लोक नृत्य एवं गायन वादन की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। आज प्रथम दिवस प्रात: संचालक लोक शिक्षण डी एस कुशवाहा एवं निदेशक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय प्रोफेसर अमिताभ पांडे के द्वारा बाल रंग कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, प्रथम दिवस मध्य प्रदेश के 9 संभागों से आए हुए संभाग स्तरीय दलों ने अपने-अपने संभाग के कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग में लोक नृत्य की बहुत आकर्षक प्रस्तुत दी भारत की सांस्कृतिक राजधानी मध्य प्रदेश में बरेदी बैगा, गौर,ठीमरयाई, गणगौर, तथा गायकी नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां हुई, आज प्रथम दिवस मुख्य मंच पर समूचे मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक छठा देखते ही बनती थी, रंग बिरंगी देसी परिधानों में सजे स्कूली बच्चों ने पूरे मध्यप्रदेश की संस्कृति को एक मंच पर प्रस्तुत कर एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना साकार किया। इसके साथ मदरसा प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के इतिहास की कव्वाली प्रस्तुत की गई बालिकाओं ने लय ताल और सुर में कव्वाली का मुकाबला हुआ।

भोपाल संभाग की बालिकाओं ने कव्वाली में प्रथम स्थान प्राप्त किया, इसके साथ-साथ निशक्तजन जन प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने कविता पाठ नृत्य और आकर्षक चित्रकला की पेंटिंग बनाई, इस प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आज मुख्य मंच पर सभी नौ संभाग के कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग की लोक नृत्य की प्रस्तुतियां हुई मध्य प्रदेश के सभी अंचल मालवा अंचल बुंदेलखंड अंचल बघेलखड निमाड़ मध्य भारत एवं महाकौशल, के लोक नृत्य की प्रस्तुतियां हुई ।

इसके साथ-साथ विकसित भारत को दर्शाती भारत के सभी राज्यों की झांकी जो विकसित भारत 2047 के लक्षण को रेखांकित करती हुई जिसमें सभी राज्यों के उभरते हुए नवाचार उनके उत्पाद इसके साथ-साथ उनकी औद्योगिक गतिशीलता को दर्शाया गया है को लघु भारत के माध्यम से दर्शाया गया है, इस वर्ष विजन 2047 को लेकर एक नवाचार किया गया है जिसमें भारत के अंतरिक्ष में बढ़ते कदम भारत की औद्योगिक प्रगति भारत में जैविक कृषि मिशन एवं स्त्रश्वरू पद्धति पर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लक्ष्यों को लेकर अलग-अलग स्टॉल द्वारा भारत की प्रगति को दर्शाया गया है।

इस वर्ष बाल रंग में एक नवाचार किया गया है इसमें स्कूली विद्यार्थियों द्वारा स्वनिर्मित हस्तशिल्प के उत्पादों की एक प्रदर्शनी तेजस्वी मध्य प्रदेश के बैनर तले लगाई गई है जिसमें भोपाल के शासकीय मे स्कूली छात्राओं द्वारा तैयार हस्तशिल्प उत्पाद प्रदर्शित किए गए, आज प्रथम दिवस भोपाल के सभी दर्शकों ने इस प्रदर्शनी में स्कूली बच्चियों द्वारा तैयार बहुत कम कीमत पर तैयार उत्पाद को खरीदने में उत्साह दर्शाया। भारत स्काउट गाइड द्वारा एक तीन दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया जिसमें स्काउट के नियमों को एवं साहसिक गतिविधियों को दर्शाया गया है ।

### आई आई रे फागुन बाहर की प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया

संस्कृत प्रतियोगिताओं में वेद पाठ संस्कृत नाटिका की प्रस्तुतियां हुई स्कूली बच्चों ने मधुर स्वर में एक साथ वेद पाठ प्रस्तुत किया इसके साथ-साथ कालिदास के ग्रंथ अभिज्ञान शाकुंतल पर उज्जैन संभाग द्वारा आकर्षक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की गई साहित्यिक प्रतियोगिता में वाद विवाद देश भक्ति आधारित काव्य पाठ निबंध लेखन की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, सांस्कृतिक प्रतियोगिता में गायन और वादन की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई जबलपुर की छात्रा अंशिका सोनी ने सितार पर बहुत सुंदर प्रस्तुति दी, इसके साथ-साथ भोपाल संभाग के छात्र रूपम ने पखावज पर तीन ताल की प्रस्तुति दी, गायन प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की बालिकाओं द्वारा आकर्षक मालवी गीत आई आई रे फागुन बाहर की प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

# फिटजी कोचिंग के संचालक समेत 4 के खिलाफ धोखाधड़ी की दूसरी एफआईआर दर्ज

## डेढ़ करोड़ से अधिक फीस वसूल कर चंपत हुए है आरोपी

भोपाल ■ निसं




देश के अनेक शहरो के इंजीनियरिंग कॉलेजों में एडमिशन के लिए ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) की तैयारी कराने वाली दिल्ली की फिटजी कोचिंग की भोपाल ब्रांच के संचालक सहित 4 लोगों के खिलाफ भोपाल के एमपी नगर थाने में तीन दिन के भीतर धोखाधड़ी की दूसरी एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस की शुरुआती जॉच में अब तक फिटजी कोचिंग द्वारा यहॉ पढ़ने वाले स्टूडेंटस से करीब डेढ़ करोड़ की फीस बटोरकर चपंत होने की जानकारी सामने आई है। इस मामले में थाना पुलिस ने पहली एफआईआर 16 दिसंबर को दर्ज करते हुए फिटजी के चेयरमैन डीके गोयल, सीईओ मनीष आनंद, सीएफओ राजीव बब्बर और सुमित श्रीवास्तव को आरोपी बनाया था। अब उनके खिलाफ ऐशबाग स्थित ओल्ड सुभाष नगर में रहने वाले आशीष वेश्य पिता केसी वेश्य (57) ने शिकायत दर्ज कराई है। आशीष वेश्य ने अपनी शिकायत में बताया कि वह रिलायंस कंपनी में नौकरी करते हैं। अपने परिवार के एक बच्चे का उन्होनें फिटजी कोचिंग में एडमिशन कराते हुए मोटी रकम दी थी, लेकिन बीते दिनो वहॉ पढ़ाई बंद हो गई और बाद में कोचिंग पर ताला लग गया। कोचिंग संचालक द्वारा की गई गड़बड़ी की मीडिया द्वारा दी गई खबरो को पढ़ने के बाद वह थाने पहुंचे है। पुलिस ने कोचिंग के एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे थे। पुलिस ने फिटजी के चेयरमैन डीके गोयल, सीईओ मनीष आनंद, सीएफओ राजीव बब्बर और सुमित श्रीवास्तव के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। जानकारी के अनुसार फिटजी की भोपाल ब्रांच में करीब 700 स्टूडेंट्स के एडमिशन है। हर स्टूडेंट डेढ़ से 3 लाख की फीस ली जाती है। बीते शनिवार को फिटजी कोचिंग के दो दर्जन से अधिक स्टूडेंट्स और उनके अभिभावको ने इसे लेकर हंगामा करते हुए एमपी नगर थाने में शिकायत की थी।

### इदौंर में भी हो चुकी है शिकायत

गौरतलब है की पूर्व में प्रदेश के इंदौर में भी जेईई परीक्षा की तैयारी कराने वाली फीटजी कोचिंग के खिलाफ यहॉ पढ़ने वाले स्टूडेंटस के परिजनो ने कलेक्टर से इसी तरह की शिकायत कर चुके है। इंदौर में फीटजी के तीन कोचिंग सेंटरो में पढ़ने वाले करीब 200 से अधिक स्टूडेंटस से लाखों की फीस वसूली के बाद फैकल्टी की समस्या को लेकर कोचिंग सेंटर्स को अचानक बंद कर दिया गया। जो जानकारी सामने आई है, उसके अनुसार कई टीचर्स सैलेरी न मिलने पर नौकरी छोड़ चुके हैं।

10 लाख तक के एजुकेशन लोन के पात्र नहीं मप्र के छात्र

# विद्यालक्ष्मी योजना की शर्तों को पूरा नहीं कर रहे मप्र के अधिकांश कॉलेज

भोपाल ■ निसं



केंद्र सरकार ने हालही में प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना शुरू की है। पीएम विद्यालक्ष्मी योजना का उद्देश्य कम आय वाले छात्रों के उच्च शिक्षा के सपने को साकार करना है। इसके तहत, छात्रों को बिना गारंटर के 10 लाख रुपए तक का एजुकेशन लोन मिल सकेगा जिससे अच्छे इंस्टीट्यूट्स में पढ़ाई का अवसर मिल सके।

योजना के तहत पात्र छात्रों को पाठ्यक्रम से संबंधित ट्यूशन फीस और अन्य खर्चों की पूरी राशि को कवर करने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों से गारंटर-मुक्त ऋण प्राप्त करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। लेकिन मप्र के अधिकांश संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों को बिना गारंटी शैक्षणिक ऋण नहीं मिल पाएगा।

जानकारी के अनुसार पीएम विद्यालक्ष्मी योजना का मप्र के अधिकतर जरूरतमंद विद्यार्थियों को फायदा नहीं मिल सकता, क्योंकि उनके विश्वविद्यालय या कालेज इस योजना की प्राथमिक शर्त को ही पूरा नहीं कर रहे हैं। इस योजना की पहली शर्त है कि विद्यार्थी जिस संस्थान में पढ़ाई कर रहा है वह एनआईआरएफ में शामिल हो। इस रैंकिंग में देश भर के 850 शिक्षा और शोध संस्थान शामिल हैं। लेकिन इस सूची में राज्य विश्वविद्यालयों में केवल इंदौर का देवी अहिल्या विश्वविद्यालय शामिल है। वहीं दो निजी विश्वविद्यालय एलएनसीटी और रविंद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी का नाम इस रैंकिंग में शामिल है। भोपाल के एक उच्च उत्कृष्टता शिक्षा संस्थान को भी कालेजों की रैंकिंग सूची में जगह मिल पाई है। इनकी रैंकिंग भी 101 से 200 के बीच के विश्वविद्यालयों-कालेजों की सूची में है। बताया जा रहा है कि सूची में नहीं रहने की बड़ी वजह मानकों को पूरा नहीं करना है। मानकों की वजह से प्रदेश के अधिकतर शिक्षा संस्थानों ने इस रैंकिंग के लिए अपना पंजीयन तक नहीं कराया है। इसी पंजीयन के आधार पर शिक्षा मंत्रालय की टीम संस्थानों का निरीक्षण कर रैंकिंग की सिफारिश करती है। उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अधिकतर कालेज एनआइआरएफ के लिए आवेदन ही नहीं कर पाते हैं।

### निशुल्क नेत्र शिविर में 900 मरीजों की जांच, 310 ऑपरेशन

**भोपाल।** मां आशापुरा दरबार भोपाल ने आदर्श सिंधु समाज में आयोजित किए गए अपने 40वें निशुल्क नेत्र शिविर में 900 से अधिक मरीजों की आंखों की जांच की और 310 मरीजों के मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन किए। इस पूरी सेवा की व्यवस्था मां आशापुरा दरबार ने निःशुल्क की थी, जिसमें चिरायु चैरिटेबल हॉस्पिटल की टीम के अलावा, डॉ. एमके अजवानी और डॉ. मधु चंचलानी ने भी मरीजों का ऑपरेशन किया। शिविर का शुभारंभ 15 दिसंबर को गीता माताजी की उपस्थिति में हुआ, जिसमें भोपाल के सांसद आलोक शर्मा ने उद्घाटन किया। शिविर का समापन गुरूवार को मेयर मालती राय के हाथों हुआ, जिन्होंने समापन के अवसर पर मरीजों को कंबल वितरित कर उन्हें विदाई दी। शिविर में देशभर से मरीज इलाज कराने पहुंचे, जिनमें से कई लोगों ने पहले भी इस शिविर से लाभ लिया था और अब वे अपने परिवार और मित्रों को भी इलाज के लिए यहां बुलाते हैं।

गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण में घोर लापरवाही

# सीएजी की रिपोर्ट में खुली प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल

भोपाल ■ निसं



प्रदेश में सरकार का प्रयास है कि हर व्यक्ति को समुचित स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। लेकिन नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि प्रदेश में गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण में घोर लापरवाही बरती जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण में हो रही लापरवाही के कारण नवजात बच्चों की मौत हो रही है।

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था के बुरे हाल सामने आए हैं। वर्ष 2017 से 2022 के बीच प्रदेश में 32 लाख 30 हजार गर्भवती महिलाओं को टिटनेस टाक्साइड (टीटी 2) का टीका नहीं लगा। यह संख्या इस अवधि में पंजीकृत कुल गर्भवती की 34 प्रतिशत है। इसके परिणामस्वरूप नवजातों में टिटनेस के 240 मामले सामने आए। रिपोर्ट में सामने आया है कि प्रसवपूर्व देखभाल के लिए इन पांच वर्षों में पंजीकृत 93 लाख 88 हजार गर्भवती महिलाओं का पंजीयन हुआ, पर इनमें 68 प्रतिशत महिलाएं ही पहली तिमाही में पंजीकृत हुई। इसी प्रकार 21 लाख 85 हजार महिलाओं की प्रसव पूर्व चारों जांचें नहीं हुई।

### सीजेरियन प्रसव की सुविधा ही नहीं

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट के अनसार पांच वर्षों में 93,88,000 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन हुआ। लेकिन 21,85,000 महिलाओं की प्रसव पूर्व चारों जांचें नहीं हुई। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का आकलन इसी से लगाया जा सकता है कि 20 में से 17 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सीजेरियन प्रसव की सुविधा ही नहीं है। वहीं एक हजार में से 41 बच्चे अपना पहला जन्मदिन नहीं मना पाते हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार प्रदेश ग्रामीण क्षेत्रों में 48 प्रतिशत तक कम अस्पताल हैं। 2022 की अनुमानित जनसंख्या के मापदंड से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), 604 होने चाहिए पर 355 हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 1257 और उप स्वास्थ्य केंद्र 10 हजार 225 हैं।

# एसजीएसयू में कौशल विकास और गांधी दर्शन पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

भोपाल ■ निसं



स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) तथा खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में कौशल विकास की भारतीय चेतना और गांधी दर्शन विषय पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन एसजीएसयू के वनमाली सभागार में किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के निदेशक विनीत वर्मा, विशिष्ट अतिथि तुमुल सोशल फंडामेंटल डेवलपमेंट सोसायटी के अध्यक्ष अमर सिंह चौहान एवं अतिथि आईसेक्ट के अंतरराष्ट्रीय व्यापार विकास प्रबंधक मुकेश शर्मा मौजूद रहे। साथ ही कार्यक्रम के अन्य अतिथियो में स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलगुरू डॉ. अजय भूषण, कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा, डीन ह्यूमेनिटीज संकाय डॉ. टीना प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान मुख्य वक्ता विनीत वर्मा ने बताया कि गांधी जी के दर्शन पर बात करते हुए बताया कि खादी ग्रामोद्योग विभाग उनके विचारों को लेकर आगे बढ़ रहा है।

# आर के डी एफ कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा राष्ट्रीय गणित सप्ताह का आयोजन

भोपाल ■ निसं



भाभा विश्वविद्यालय के अंतर्गत आर के डी एफ कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, भोपाल द्वारा राष्ट्रीय गणित सप्ताह 2024 का दिनांक 23 दिसंबर से 28 दिसंबर 2024 तक आयोजन किया जाएगा ।यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी), डीएसटी, भारत सरकार, नई दिल्ली और एम.पी. विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) भोपाल द्वारा उत्प्रेरित और समर्थित।

आज कार्यक्रम के संयोजक इंजीनियरिंग विभाग के डीन डॉ. अशोक कुमार झाला, द्वारा छात्रों को राष्ट्रीय गणित सप्ताह की विस्तृत जानकारी दी गई जिसमें प्राचीन भारतीय गणित एवं रामानुजन , गणितिय फोबिया हटाने की प्रक्रिया एवं भारतीय ज्ञान परंपरा व गणित पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन, गणित पहेली, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर , रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जावेगी ।इस अवसर पर भाभा विवि के प्रति कुलपति डॉ एन के अग्रवाल , ग्रुप डायरेक्टर डॉ मनोज कुमार शुक्ला, कार्यक्रम के सहसंयोजक डॉ. रजनीश गेडाम और मुकेश पांडे उपस्थित रहे।

हाईस्कूल शिक्षक भर्ती पर हाईकोर्ट की रोक

# अदालत ने कहा- 3 हफ्ते में नियम सुधारे राज्य सरकार, 6000 पद भरे जाने हैं

भोपाल ■ निसं

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने प्रदेश में हाईस्कूल शिक्षक भर्ती के बचे हुए पदों पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई करते हुए अपने आदेश में कहा, जब तक राज्य सरकार शिक्षक भर्ती के नियम नहीं सुधार लेती, तब तक हाईस्कूल शिक्षकों के बचे हुए पदों पर भर्तियां नहीं की जाएंगी। अदालत ने सरकार को नियम सुधारने के लिए 3 हफ्ते की मोहलत दी है। इसके बाद ही मामले पर अगली सुनवाई की जाएगी। बता दें, हाईस्कूल शिक्षकों के 18 हजार में से 6 हजारों पदों पर भर्तियां होना बाकी हैं।

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैथ और जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को सलाह दी है कि वो उम्मीदवारों की पात्रता के लिए सेकेंड डिवीजन की बजाय उनके मार्क्स को आधार बनाए। नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजुकेशन (एनसीटीई) के नियमों के मुताबिक, उम्मीदवारों की एलिजिबिलिटी ग्रेजुएशन में सेकेंड डिवीजन तय की गई थी, लेकिन कई यूनिवर्सिटी 45 से 50 प्रतिशत अंक लाने वालों को सेकेंड डिवीजन, तो कई यूनिवर्सिटी थर्ड डिवीजन मानती हैं।

### भर्ती प्रक्रिया इसलिए विवादों में आई

दरअसल, हाईस्कूल शिक्षक भर्ती में उम्मीदवारों के सेकेंड डिवीजन क्राईटेरिया को लेकर बड़ा विरोधाभास था। शिक्षा विभाग ने 448 ऐसे उम्मीदवारों को सेकेंड डिवीजन मानकर भर्ती किया है, जिनके ग्रेजुएशन में मार्क्स 45 से 50 प्रतिशत के अंदर हैं। दूसरी तरफ ऐसे कई उम्मीदवार हैं, जिन्हें थर्ड डिवीजन मानकर भर्ती नहीं किया गया है, जबकि ग्रेजुएशन में उनके भी मार्क्स 45 से 50 प्रतिशत के बीच थे।

## अनमोल वचन

मनुष्य अपने जन्म से नहीं बल्कि अपने कर्म से महान बनता है।
– चाणक्य

आशा कभी आपको छोड़कर नहीं जाती है, आप इसे छोड़ते है।
– जॉर्ज वीनवर्ग

## सम्पादकीय

### समय का इंतज़ार करें आत्महत्या ना करें

हाल ही में बेंगलुरु के एक एआई इंजीनियर अतुल सुभाष ने आत्महत्या कर ली और सुसाईड नोट में अपनी पत्नी और ससुराल वाले व जज को भी अपनी मौत का जिम्मेवार बताया है आज लोग ऐ जान गए कि आखिर पत्नी से सही में बहुत परेशान था क्योंकि मरने से पहले क़ोई झूठ नहीं बोलता है अत: कुछ पत्नी पति को लूटने का काम कर रही है जिससे सावधान होने की जरुरत है इसका सबसे बड़ा दर्द उसके बूढ़े माता पिता को हो रहा है। बेंगलुरु के एआई इंजीनियर अतुल सुभाष की मां बस अपने बेटे को याद कर रही हैं और बहुत सी बातें बड़बड़ा रही हैं। उनसे बेटे का जाना सहन नहीं हो रहा है। उनका कहना है, मेरे बच्चे को बहुत टार्चर किया गया है, मेरे बुढापे का सहारा चला गया। आत्महत्या की वजह क्या होती है इसे जानना जरुरी है दरअसल जब या तो निराशा हाथ लगती है या किसी व्यक्ति का बार बार शोषण करना यह कोई जरुरी नहीं है कि शादी शुदा व्यक्ति के साथ होता हो ऐ इज्जत को किसी के कारण बार बार बेइज्जती करने या किसी को बार बार परेशान करने से आदमी में इतना गुस्सा आता है कि खून का घूंट पीने से अच्छा मर जाना अच्छा समझता हो लेकिन आत्महत्या कराने पर मजबूर करने पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करना जरुरी है इस नर या नारी के दृश्टिकोण से नहीं बल्कि मानवता की दृश्टिकोण से न्यायालय को देखना चाहिए मुझे याद आता है वो दिन जब मैं भी 2006 में अपने बॉस श्रीमती शैलजा मैडम से काफी परेशान हो गया और मैं हिंदी बोलने वाला आदमी वह जानबूझकर इंग्लिश बोलकर मेरा मज़ाक उड़ाती थी आत्महत्या करने की इच्छा उस समय जागी जब हिंदी के किसी कार्यक्रम से तुरंत ही बुला लिया बाद में ध्यान किया ईश्वर ने कहा समय बलवान होता है इससे तुम्हारा ही नुकसान होगा अत: ऐसा करना उचित नहीं है बाद में ईश्वर का चक्र देखिए कि 2012 में शैलजा मैडम के सीनियर श्री गलांडे सर हुए और बाद में मुझे शांति मिली क्योंकि वो उससे पहले मेरे बॉस रह चुके थे फिलहाल अभी श्रीधर सर हैं जो एक महान व्यक्ति हैं उनकी महानता इस बात से साबित होती है कि छोटे से बड़े को भी एक ही नजर से देखते हैं,अत: समय का इंतज़ार कीजिये जो जैसा करता है उसे वैसा ही परिणाम मिलता है इसलिए हमें ना तो किसी को जानबूझकर डराना चाहिए ना ही किसी से डरने की जरुरत है ज्यादा से ज्यादा क्या होगा मौत तो नहीं होगा ईश्वर ने जन्म दिया है ईश्वर ही मौत देगा अत: उसका डटकर मुकाबला कीजिये समय की नजाकत है कभी यूपीए की सरकार आती है कभी एनडीए की परिवर्तन संसार का नियम है और ईश्वर आपका सबसे बड़ा परमात्मा है उसे याद कर बुरे वक़्त से मुकाबला करें और अपने काम को बेहतरीन करने की कोशिश करें ताकि उसे क़ोई दूसरा कर ही ना पाए मेहनत कीजिये और ध्यान ईश्वर पर लगाइये बुरा करने वाले का भी सूद सहित उसका भी बुरा होगा ऐ प्राकृतिक का नियम है कहावत है तेरा तुझको सौंप कर क्या लागे मेरा

यह जानना हमेशा उत्साहवर्धक होता है कि हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें हमारे पास विकल्प होता है, भले ही हम अंतत: पहले से मौजूद या प्रस्तावित विकल्प ही क्यों न चुनें। यह जानना कि हमारे पास विकल्प है, हमें सशक्त बनाता है! यह तथ्य कि हमारे पास विकल्प है, हमें ऐसा महसूस कराता है कि हम अपने जीवन के प्रभारी हैं और अपने भाग्य के मार्ग को नियंत्रित कर रहे हैं। हर कोई हर पल चुन रहा है। मैं खुश या क्रोधित या शांत रहना चुन सकता हूँ। एक बार जब मैं जीवन को विकल्प के इस दृष्टिकोण से देखने में सक्षम हो जाता हूँ, तो मैं जीवन और दूसरों के नाटक के अधीन नहीं रह जाता। प्रत्येक मोड़ पर मैं नियंत्रण रखना चुन सकता हूँ, या अन्य रोगियों को मुझे नियंत्रित करने की अनुमति दे सकता हूँ। शांत रहना एक उपहार है जिसे हम क्रोध और भय के दुष्चक्र को तोड़ने के लिए खुद को दे सकते हैं जो हमारी आंतरिक स्थिरता को हिला देता है और पारस्परिक संबंधों, हमारे पारिवारिक जीवन और हमारे काम और सामाजिक वातावरण की गुणवत्ता को खराब करता है। एक शांत आचरण कमजोर या निष्क्रिय नहीं होता है, बल्कि यह आंतरिक शक्ति की स्थिति से आता है जो हमें किसी स्थिति का सामना करते समय स्थिर रहने की अनुमति देता है। एक शांत आचरण एक अंतर्निहित आत्म-सम्मान को इंगित करता है और हमारे अपने मन में आत्मविश्वास को प्रकट करता है। जब हम आक्रामक या हिंसक होने के बजाय शांत रहना चुनते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि हम अपने गुस्से को नियंत्रित या दबा रहे हैं; बल्कि, हम अपने और दूसरों के लाभ के लिए अच्छाई के मार्ग पर चलने का एक सचेत और शांत विचार वाला स्वैच्छिक निर्णय ले रहे हैं।गंभीरता से, हमें समय के साथ शांति का भंडार बनाना होगा। हालाँकि मुश्किल समय में शांत रहने के बारे में सोचा गया एक शक्तिशाली शरीर आपको हौसलामंद रख सकता है, लेकिन यह सुनिश्चित करना कि आपके पास शांति का भंडार है, आपको हमेशा आत्मविश्वासी और बेफिक्र बनाए रखेगा। मन की एक साफ और शुद्ध स्थिति सभी सकारात्मक विचारों को उत्पन्न करने में सक्षम है। मन से अव्यवस्था को दूर करने से आपको शांत और शांत रहना आसान हो जाएगा।

## चिंतन-मनन

### कठिन काम

एक लड़का महात्मा के पास पहुंचा। लड़का बड़ा शैतान था, उसको देखते ही महात्मा ने भांप लिया। इसलिए मनोवैज्ञानिक ढंग से प्रतिबोध देने के लिए महात्मा बोले- बच्चे! तुम तो बड़े तेज दिखाई देते हो। वह अपनी प्रशंसा सुनकर खुश हुआ और कहने लगा - स्कूल में सब लड़के मुझसे डरते हैं। महात्मा- अच्छा, तुम सरल काम करना चाहते हो या कठिन? लड़का- मैं कठिन से कठिन काम करना चाहता हूं। महात्मा- तुम्हें कोई गाली दे तो तुम क्या करोगे? लड़का- मुझे कोई एक गाली देगा तो उसको दस गाली सुनाऊंगा।

महात्मा- ऐसा करना सरल है या कठिन? लड़का- महात्माजी! यह तो मैं बड़ी आसानी से कर लेता हूं। महात्मा- तुम तो तेज लड़के हो, ऐसा सरल काम क्यों करते हो? लड़का कुछ सकुचाता हुआ बोला- अच्छा, आज से मैं कठिन काम करूंगा। महात्मा- गाली सहना बहुत कठिन है। गाली सुनकर गाली देने वाले बहुत मिलेंगे, पर उस समय खामोश रहने वाले विरले ही होते हैं। लड़का- महात्मा जी! जैसा आपने कहा है, मैं वैसा ही कठिन काम करूंगा। लड़का महात्माजी को वचन देकर आगे चला तो उसे एक दोस्त मिला। उसने एक कंकर उस पर फेंका। वह बालक तिलमिला गया। इतने में उसे महात्मा के शब्द याद आ गए। वह शांत खड़ा रहा। सामने वाला बच्चा यह देखकर दंग रह गया। वह बोला- भैया! मैंने अच्छा नहीं किया, क्षमा करना। ऐसा सुनकर उसने संकल्प कर लिया कि जीवन की स्वस्थता के लिए वह ऐसे ही काम करेगा।

# मोहन सरकार की रीजनल इंवेस्टर्स समिट का एक साल में ही दिखने लगा असर, निवेशकों को भाने लगा मध्यप्रदेश

क्षेत्रीय स्तर पर निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में प्रदेश के विभिन्न संभागों मेंआयोजित हुई रीजनल इंवेस्टर्स समिट के परिणाम सुखद रहे हैं। इस नीति का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा देना, रोजगार सृजन करना रहा। प्रदेश सरकार ने इस नीति के माध्यम से निवेशकों को विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन, सुविधाएं और समर्थन दिया है जिससे राज्य में बड़े पैमाने पर औद्योगिक समूहों ने निवेश में रूचि दिखाई है। मोहन सरकार की रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव नीति का असर एक साल में ही दिखने लगा है और निवेशकों का रुझान मध्यप्रदेश की तरफ तेजी से बढ़ता जा रहा है।

**– हर्षवर्धन पाण्डे**

मोहन सरकार की रीजनल इंवेस्टर्स समिट की पहल के चलते मध्यप्रदेश में उद्योग लगाने और व्यापार करना सुलभ और सरल हो गया है। एक साल के छोटे से कार्यकाल में मोहन सरकार की बेहतर औद्योगिक नीतियों, बुनियादी सुविधाओं और बेहतर कनेक्टिविटी ने प्रदेश में क्षेत्रीय स्तर पर न केवल इंडस्ट्री के लिए नई राह खोल दी है बल्कि इसने स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की संभावनाओं को तेजी से बढ़ाने का काम किया है। प्रदेश में औद्योगिक निवेश को गति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में संभाग स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की श्रृंखलाएं आयोजित करने की नई पहल शुरू हुई जिसका प्रदेश स्तर पर बेहतरीन प्रतिसाद मिला है।

क्षेत्रीय स्तर पर निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में प्रदेश के विभिन्न संभागों मेंआयोजित हुई रीजनल इंवेस्टर्स समिट के परिणाम सुखद रहे हैं। इस नीति का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा देना, रोजगार सृजन करना रहा। प्रदेश सरकार ने इस नीति के माध्यम से निवेशकों को विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन, सुविधाएं और समर्थन दिया है जिससे राज्य में बड़े पैमाने पर औद्योगिक समूहों ने निवेश में रूचि दिखाई है। मोहन सरकार की रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव नीति का असर एक साल में ही दिखने लगा है और निवेशकों का रुझान मध्यप्रदेश की तरफ तेजी से बढ़ता जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहन के लिए लागू की गई नीतियों और व्यवस्थाओं के प्रति उद्योगपति और निवेशक विश्वास जता रहे हैं। तमाम औद्योगिक समूहों और निवेशकों ने बड़े पैमाने पर मध्यप्रदेश सरकार की रीजनल इंवेस्टर्स समिट की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। मोहन सरकार की नीति राज्य में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए बनाई गई जिसके एक साल में ही बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं जो दिखाता है कि निवेशक अब मध्यप्रदेश को निवेश के लिए एक बेहतर विकल्प मान रहे हैं।

डॉ.मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने की बाद पहली रीजनल इंवेस्टर्स समिट मार्च में उज्जैन में आयोजित हुई जिसके माध्यम से 22 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव सरकार को मिले। इसी तरह से जबलपुर में 22 हजार करोड़ से ज्यादा निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।ग्वालियर समिट के दौरान कुल 8,000 करोड से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले। सागर में आयोजित रीजनल इंवेस्टर्स समिट में 23181 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। रीवा में समिट के दौरान कुल 31,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इसके बाद नर्मदापुरम में रीजनल इंवेस्टर्स समिट में राज्य को 31,8 00 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। शहडोल में रीजनल इंवेस्टर्स समिट 2025 में प्रस्तावित है जिसके लिए भी निवेशकों की ओर से बड़ी संख्या में प्रस्ताव आने लगे हैं।

इस प्रकार अब तक राज्य में हुई रीजनल इंवेस्टर्स समिट में प्रदेश को दो लाख 15 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियां न केवल निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं, बल्कि प्रदेश के सभी जिलों में युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध करा रही है।मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश अब औद्योगिक विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इन प्रयासों से मध्यदेश में औदयोगिक निवेश की गति काफी तेज हो चुकी है। बेहतर कनेक्टिविटी, नीतियों और उदयोग-अनुकूल अधोसंरचनाओं से मध्यप्रदेश आज निवेशकों की सबसे पहली पसंद बन गया है। ऐसे समन्वित प्रयासों से क्षेत्र एवं आसपास के निवेशकों को प्रोत्साहन मिलेगा साथ ही प्रदेश का समान रूप से विकास होगा और बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा।

सीएम डॉ. यादव ने बीते दिनों लंदन में शीर्ष व्यवसायियों और निवेशकों से मुलाकात की जहां उन्होंने मध्यप्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए कई आकर्षक योजनाएं प्रस्तुत की।लंदन यात्रा के दौरान वहां के निवेशकों ने मध्य प्रदेश में आईटी, सेमीकंडक्टर, नवकरणीय ऊर्जा, खनन, खाद्य प्रसंस्करण सहित अन्य क्षेत्र में निवेश के लिए रुचि दिखाई है। लगभग 60 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव चिकित्सा, उद्योग, माइनिंग, सर्विस सहित अन्य क्षेत्रों में मिले हैं। जर्मनी में उन्होंने तकनीकी और औद्योगिक हब्स का दौरा किया और राज्य में अत्याधुनिक तकनीक लाने के लिए समझौते किए। दो माह बाद राजधानी भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के दौरान ये सभी विदेश के निवेशक आएंगे।

मध्यप्रदेश का निवेश का परिदृश्य अब तेजी से बदल रहा है। राज्य सरकार प्रदेश को औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने का प्रयास कर रही है। मध्यप्रदेश में औद्योगिक परिदृश्य बदलने के साथ ही अब प्रदेश से विदेशी निर्यात की अपार संभावनाएं बनी है। निवेश प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सिंगल विंडो प्रणाली यहाँ बेहतर ढंग से काम कर रही है। मोहन सरकार ने औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त बजट आवंटित किया है। आज यहाँ पर छोटे और मध्यम उद्यम, किसान उत्पादक संगठनों, कलाकारों के हस्तशिल्प प्रोडक्ट और उद्यमियों के स्टार्टअप को सहयोग दिया जा रहा है। सरकार ने उद्योग क्षेत्र के लिये वर्ष 2024-25 में 4 हजार 190 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है। नये निवेशकों को उद्योग मित्र नीतियों के साथ सरल और सुगम निवेश प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है। उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के प्रत्येक जिले में इन्वेस्टमेंट फैसिलिटेशन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश सरकार प्रदेश में उद्यमियों और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सरकार ने वर्ष 2025 को निवेश वर्ष के तौर पर प्लान किया है।

## विश्व ध्यान दिवस

# आत्म-साक्षात्कार और विश्व शांति की ओरएक कदम

विश्व स्वास्थ्य संगठन केअनुसार, मानसिक स्वास्थ्य सेजुड़ी समस्याएं आज वैश्विक स्तर पर प्रमुख स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक बन गईहैं। वर्ष 2023 के आंकड़ों के अनुसार, लगभग 280 मिलियन लोग मानसिक रूपसे पीड़ित हैं और 40त्न युवा तनाव और मानसिकअस्थिरता का सामना कर रहे हैं। खास बात यह है कि ध्यान, एक साधारण लेकिनशक्तिशाली प्रक्रिया, इन समस्याओं का प्रभावीसमाधान प्रदान कर सकती है। अध्ययनों ने यह सिद्ध किया है कि ध्यान मस्तिष्क मेंडोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे सकारात्मक रसायनों के स्तर को बढ़ाता है, जो तनाव को कम करते हैंऔर मूड को स्थिर रखते हैं।

**– डॉ नीलम महेंद्र**

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 दिसंबर से विश्व ध्यानदिवस मनाने की घोषणा एक ऐतिहासिक कदम है।

दरअसल मेडिटेशन याध्यान को सदियों से केवल आध्यात्म से जोड़ कर देखा जाता था। लेकिन आज विज्ञान ने यहसिद्ध कर दिया है कि मेडिटेशन का सकारात्मक प्रभाव केवल मानव के मन या मस्तिष्क हीनहीं उसके तन पर भी पड़ता है। इसलिए 21 जून को योग दिवस मनाए जाने के बाद सम्पूर्ण विश्व में अब 21 दिसंबर को ध्यान दिवस केरूप में मनाने का उद्देश्य योग की हीभांति ध्यान को जन-जन तक पहुंचाना और इसे मानव जीवन के अभिन्न अंग के रूप मेंस्थापित करके एक स्वस्थ विश्व की नींव मजबूत करना है। वस्तुत: वर्तमान युग में जब मनुष्य तेजी से भागदौड़ औरतनावपूर्ण जीवन जीने के लिए विवश है, ध्यान उसके मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को संतुलित करने का एक सहज, सरल प्राकृतिक साधन बन गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन केअनुसार, मानसिक स्वास्थ्य सेजुड़ी समस्याएं आज वैश्विक स्तर पर प्रमुख स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक बन गईहैं। वर्ष 2023 के आंकड़ों के अनुसार, लगभग 280 मिलियन लोग मानसिक रूपसे पीड़ित हैं और 40त्न युवा तनाव और मानसिकअस्थिरता का सामना कर रहे हैं। खास बात यह है कि ध्यान, एक साधारण लेकिनशक्तिशाली प्रक्रिया, इन समस्याओं का प्रभावीसमाधान प्रदान कर सकती है। अध्ययनों ने यह सिद्ध किया है कि ध्यान मस्तिष्क मेंडोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे सकारात्मक रसायनों के स्तर को बढ़ाता है, जो तनाव को कम करते हैंऔर मूड को स्थिर रखते हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, केवल आठ सप्ताह के ध्यानअभ्यास से मस्तिष्क के ग्रे मैटर में वृद्धि देखी गई, जो सीखने, याददाश्त और भावनात्मकविनियमन में सहायक है।

इस प्रकार विभिन्न शोधों में यह बात वैज्ञानिक आधार परसिद्ध हो चुकी है कि ध्यान केवल मनुष्य की आध्यात्मिक उन्नति का साधन नहीं है, बल्कि नियमित रूप से इसकाअभ्यास उसके जीवन के हर पहलू को समृद्ध कर सकता है। ध्यान के वैज्ञानिक आधार को समझने के लिए न्यूरोसाइंस मेंकिए गए शोधों पर ध्यान देना आवश्यक है। वाशिंगटन यूनिवर्सिटी में किए गए एक अन्यअध्ययन में यह पाया गया कि नियमित ध्यान मस्तिष्क के अमिगडाला (जो भय और तनाव काकेंद्र है) की गतिविधि को कम करता है, जिससे व्यक्ति तनावपूर्ण स्थितियों में भी शांत और संतुलितबना रहता है। ध्यान के इन वैज्ञानिक लाभों को अब विभिन्न चिकित्साक्षेत्रों में लागू किया जा रहा है। कई अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र अब ध्यान को मानसिकस्वास्थ्य उपचार का हिस्सा बना रहे हैं। कैंसर, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों से पीड़ित रोगियोंके लिए ध्यान को सहायक चिकित्सा के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। जर्नल ऑफक्लिनिकल साइकॉलजी में प्रकाशित एक अध्ययन में यह पाया गया कि ध्यान से न केवलमरीजों के दर्द की अनुभूति कम होती है, बल्कि उनमें इलाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण भी विकसितहोता है।

ध्यान का प्रभाव केवल मानसिक स्वास्थ्य तक ही सीमित नहींहै। शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान के प्रभाव को भी अब व्यापक रूप से स्वीकार किया जारहा है। एक अध्ययन के अनुसार, ध्यान नियमित रूप से करने से हृदय की गति और रक्तचाप कोनियंत्रित करने में मदद मिलती है, जिससे हृदय रोगों का जोखिम 30त्न तक कम हो सकता है। इसके अलावा, ध्यान प्रतिरक्षा प्रणालीको भी मजबूत करता है, जिससे शरीर बीमारियों सेलड़ने में अधिक सक्षम बनता है। इतना ही नहीं रिसर्च में यह बात भी सामने आई कि ध्यान काप्रभाव केवल व्यक्तिगत स्तर पर सीमित नहीं होता। जब एक व्यक्ति ध्यान करता है, तो वह अपनी आंतरिक ऊर्जाको सकारात्मक दिशा में केंद्रित करता है, जिसका असर उसके आस-पास के वातावरण पर भी पड़ता है। कई अध्ययनोंने यह साबित किया है कि सामूहिक ध्यान के दौरान अपराध दर में गिरावट, सामाजिक सौहार्द मेंवृद्धि और पर्यावरणीय सामंजस्य जैसे सकारात्मक परिवर्तन देखे गए हैं। 1993 में वाशिंगटन डी.सी. मेंकिए गए एक शोध में पाया गया कि सामूहिक ध्यान के दौरान शहर में अपराध दर में 23 प्रतिशत की गिरावट आई।

# सुशासन का एक साल, नगरीय निकाय चुनावों में बदलाव की बयार

**– सत्य प्रकाश दुबे**

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य ने सुशासन और विकास के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा किया। उनकी सरकार की नीतियों और योजनाओं का नगरीय निकाय चुनावों पर स्पष्ट प्रभाव देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरकारी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने पर जोर दिया है। ई-गवर्नेंस का विस्तार- सरकारी सेवाओं को डिजिटल माध्यम से आम जनता के लिए सुगम बनाया गया। भ्रष्टाचार पर रोक- लोक सेवाओं में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए गए। जनसंवाद कार्यक्रम- जन चौपाल और मुख्यमंत्री जनसंपर्क जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जनता की समस्याओं का समाधान किया गया। स्मार्ट सिटी परियोजनाएं- रायपुर और बिलासपुर में बुनियादी सुविधाओं और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार। आधारभूत संरचना- नई सड़कों, जलापूर्ति परियोजनाओं और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया।स्वच्छता अभियान- स्वच्छता रैंकिंग में छत्तीसगढ़ ने नए मील के पत्थर स्थापित किए। हाईटेक शिक्षा- नगरीय क्षेत्रों में हाईटेक लाइब्रेरी और कौशल विकास केंद्रों की स्थापना। रोजगार मेला-युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए विशेष अभियान चलाए गए। सरकारी भर्तियों में तेजी, नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और तेज किया गया। स्वरोजगार योजनाएं- महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए ऋण और प्रशिक्षण योजनाएं चलाई गईं।बाल पोषण कार्यक्रम- शहरी क्षेत्रों में आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या बढ़ाकर पोषण अभियान को मजबूत किया गया। सामाजिक योजनाएं-राजीव गांधी किसान न्याय योजना- किसानों को नगरीय क्षेत्रों में भी सहायता पहुंचाई गई। राशन कार्ड योजना- गरीब और मध्यम वर्ग के लिए राशन वितरण को सुचारू बनाया गया।

**जनता का बढ़ा विश्वास**- बिजली, पानी और स्वच्छता सेवाओं में सुधार ने जनता के बीच सकारात्मक प्रभाव डाला। महिलाओं और युवाओं के लिए चलाई गई योजनाओं ने मतदाताओं का झुकाव भाजपा की ओर बढ़ाया। सत्तारूढ़ दल के लिए बढ़त- भाजपा ने विकास और सुशासन को केंद्र में रखकर प्रभावी चुनाव प्रचार किया। युवाओं और महिलाओं का समर्थन- शिक्षा और रोजगार से संबंधित योजनाओं ने युवाओं को आकर्षित किया। महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़ी नीतियों ने भाजपा की पकड़ मजबूत की। सामाजिक योजनाओं का असर- गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए योजनाओं ने सत्तारूढ़ दल के प्रति समर्थन बढ़ाया।

**विपक्ष की भूमिका और चुनौतियां**

**अधूरी योजनाओं की आलोचना**- विपक्ष ने सरकार पर अधूरी योजनाओं और कमजोर क्रियान्वयन का आरोप लगाया। रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग को प्रमुखता दी। विरोध प्रदर्शन- कांग्रेस और अन्य दलों ने महंगाई, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दों पर सरकार का विरोध किया।

## खास बात

### सपा-टीएमसी ने याद दिलाई जयचंदों की

अमीर कारोबारी गौतम अडानी को लेकर कांग्रेस ने काम रोको प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया था ।इस प्रस्ताव पर सदन में चर्चा ना हो ।इसके लिए कारोबारी गौतम अडानी ने इंडिया गठबंधन के प्रमुख दलों के जयचंदों को खोजकर कांग्रेस के खिलाफ खड़ा कर दिया ।ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन के नेतृत्व करने की मांग कर इंडिया गठबंधन और कांग्रेस से अपनी दूरियां बनाई ।वहीं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संभल वाले मामले को लेकर इंडिया गठबंधन और कांग्रेस से दूरी बनाकर अपने आप को एक्सपोज कर दिया है ।किसी के भी काम रोको प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हुई ।इन दोनों पार्टियों ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के एजेंडे को पंचर करने का काम किया ।जिसके कारण सारे देश में टीएमसी और सपा की थू-थू हो रही है ।देश में दोनों पार्टियों की यह छवि बन गई है ।दोनों पार्टियों अडानी की जलेबी का शीरा पी गई है ।

### जनता का ध्यान भटकाने के लिए एक साथ चुनाव?

देश के राजनीतिक दलों का कहना है, सरकार मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ कराने का बिल लेकर आई है ।अदानी मुद्दे और दूसरे मामलों में सरकार चर्चा नहीं करना चाहती थी ।जिसके कारण संविधान के 75 साल पूरे होने पर संविधान की चर्चा कराके ध्यान भटकाया गया ।उसके बाद एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर ध्यान भटकाया जा रहा है ।महंगाई,बेरोजगारी और किसानों के आंदोलन से बचने के लिए सरकार अंधेरे में हाथ पैर मार रही है ।इस बिल को जेपीसी में भेज दिया है ।बिल ऐसा ही पडा रहेगा ।राजनीति के लिएसमय-समय पर इस बिल का इस्तेमाल होगा ।सरकार भी जानती है, इस बिल को पास कराने के लिए उसके पास बहुमत नहीं है ।

### महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं को मुफ्त ट्रेन यात्रा की सौगात

प्रयागराज में महाकुंभ आयोजित हो रहा है ।इसमें जो श्रद्धालु शामिल होंगे, उसमें जनरल क्लास में सफर करने वालों के लिए रेलवे ने मुफ्त यात्रा की व्यवस्था कर दी है ।45 करोड लोगों के महाकुंभ में पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है ।रेलवे इसके लिए स्पेशल ट्रेन चला रहा है ।ज्यादा से ज्यादा सामान्य श्रेणी के रेलवे कोच महाकुंभ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए लगाए जा रहे हैं ।रेलवे मुफ्त यात्रा की सौगात देगी ।प्रयागराज से आने वाली और जाने वाली ट्रेनों मे टिकट की कोई चेकिंग, रेलवे स्टेशनों में नहीं होगी ।रेलवे का कहना है, कि इतनी बड़ी संख्या में हम टिकट दे ही नहीं सकते हैं ।इसलिए जनरल श्रेणी के यात्रियों को बिना टिकट सफर करने की सौगात देंगी ।

### ईवीएम का मुद्दा ठंडा पड़ा?

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को लेकर इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल बंट गए हैं ।जिसके कारण ईवीएम का मुद्दा अब ठंडा पड़ गया है ।टीएमसी ने खुलकर कह दिया है, ईवीएम कोई मुद्दा नहीं है ।चुनाव आयोग को लेकर विपक्ष मे जो नाराजगी थी ।अब वह देखने को अब नहीं मिल रही है ।हालांकि भाजपा के लोह पुरुष लालकृष्ण आडवाणी ने ईवीएम से चुनाव नहीं कराने की मांग की थी ।भाजपा सांसद जीबी नरसिंह राव ने एक किताब भी लिखी थी । समय बदला, भाजपा सत्ता में आ गई ।लालकृष्ण आडवाणी नेपथ्य में चले गए ।

## राशिफल

शुभ संवत 2081, शाके 1946, सौम्य गोष्ठ, पौष कृष्ण पक्ष, हेमंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पश्चिम तिथि छटवी शनिवासरे 17/01 पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्रे 60/00 प्रीत योगे 33/43 वणिक करणे17/01 सिंह की चंद्रमा भद्रा 16/1 सांयन मकरे भानु 45/13 उग्रकर्म मुर्हूत तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी, संपूर्ण रात्रि दिन7

**आज जन्म लिए बालक का फल**

आज जन्म लिया बालक योग्य बुद्धिमान, कुशल शासक, प्रशासक, स्वाभिमानी, वक्ता, प्रवक्ता, विधायक, मंत्रीराज, मंत्री, कम्प्यूटर इंजीनियर ऑपरेटर तथा बैंक कर्मचारी तथा बैंक मे कार्य करने वाला, योगी, भोगी तथा नेता अभिनेता पेंटर तथा वायर मेन होगा।

**मेष राशि :** हर्ष यात्रा, राज सुख, सफलता, हानि गृह कलह तथा मानसिक अशांति काल रहेगा।

**वृष राशि :** विरोध व्यय, कष्ट अशांति तथा शिक्षा तथा लेखन कार्य में सफलता प्राप्ति का योग है।

**मिथुन राशि :** व्यापार में गति, यात्रा विवाद, उद्योग व्यापार की स्थिति कभी हानि कभी लाभ प्राप्त होवे।

**कर्क राशि :** शरीर मध्यम, भूमि व राज भय, लाभ सफलता का दिन साबित होगा, रुके कार्य बनेंगे।

**सिंह राशि :** वाहन भय, राज सुख, यात्रा होवे, शुभ कार्य में व्यवधान होगा, ध्यान रखे।

**कन्या राशि :** व्यय प्रवास, विरोध हानि, लाभ होवे राज कार्य में व्यवस्था के बाद लाभ होगा।

**तुला राशि :** रोग भय, सुख, यात्रा व्यापार में सुधार होगा, रुके कार्य अवश्य बन जाएंगे।

**वृश्चिक राशि :** कार्य सिद्ध, लाभ विरोध, भूमि लाभ राज व शासकीय कार्य में व्यवस्था बनी रहेगी।

**धनु राशि :** लाभ धर्म में रुचि, यश, हर्ष, यात्रा, शिक्षा जगत की स्थिति सामान्य बनी रहेगी।

**मकर राशि :** विरोध, व्यापार में हानि, शरीर कष्ट, धार्मिक खर्च होगा, रुके कार्य बन जाएंगे।


**कुंभ राशि :** लाभ, हानि, व्यय, प्रभाव रोग, भय, विरोधी असफल होने, सजग रहे।

**मीन राशि :** राजभय, मान भय, चोर भय, राजकार्य में विलंब, परेशानी, तकरार विरोध होगा।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**21 दिसम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | धनु | 06.13 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मकर | 08.22 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कुंभ | 10.09 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 11.41 बजे से |
| गुरु | वृष में | मेष | 13.12 बजे से |
| शुक्र | मकर में | वृष | 14.52 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 16.50 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 19.04 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 21.20 बजे से |
| | | कन्या | 23.32 बजे से |
| राहुकाल | 9.00 से 10.30 बजे तक | तुला | 01.42 बजे से |
| | | वृश्चिक | 03.57 ब.से |

**शनिवार** 2024 वर्ष का 356 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** षष्ठी 12.22 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 06.14 बजे को समाप्त। **योग** प्रीति 18.23 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 12.22 बजे तदनन्तर विष्टि 01.23 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 19.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 26' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872200 **जूलियन दिन** 2460665.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 18 **विशेष** वर्ष का सबसे छोटा दिन।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## संक्षिप्त समाचार

### रक्षा प्रणालियों में उभरती प्रौद्योगिकियों व एआई को उच्च प्राथमिकता दे रहा भारत: मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि भारत उभरती प्रौद्योगिकियों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को उच्च प्राथमिकता दे रहा है तथा भारतीय रक्षा प्रणालियों में उनका उपयोग कर रहा है ताकि दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में वृद्धि हो सके। राष्ट्रपति मुर्मु आज सिकंदराबाद स्थित रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रपति निशान (प्रेसिडेंट कलर्स) अलंकर समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इस त्रि-सेवा प्रशिक्षण संस्थान को प्रेसिडेंट कलर्स प्रदान करते हुए बहुत खुशी हो रही है। यह अवसर भविष्य के लिए हमारे सशस्त्र बलों के रणनीतिक नेताओं को विकसित करने में रक्षा प्रबंधन कॉलेज की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की बढ़ी हुई रक्षा प्रबंधन क्षमता कूटनीतिक और सैन्य साझेदारी को मजबूत करने तथा रक्षा निर्यात बढ़ाने में मदद करेगी। इससे भारत को वैश्विक सुरक्षा मंचों पर सक्रिय रुख बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी में प्रगति का राष्ट्रीय सुरक्षा पर गहरा प्रभाव पड़ता है। युद्ध की पारंपरिक परिभाषाओं और तरीकों को उभरती प्रौद्योगिकियों और नई रणनीतिक साझेदारियों द्वारा चुनौती दी जा रही है। भारत उभरती प्रौद्योगिकियों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को उच्च प्राथमिकता दे रहा है और बढ़ी हुई दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए भारतीय रक्षा प्रणालियों में उनका उपयोग कर रहा है। हम एक समग्र दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसमें अपनी पारंपरिक सेनाओं को उन्नत करना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन, साइबर युद्ध क्षमताओं और अंतरिक्ष रक्षा प्रौद्योगिकियों सहित अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाना शामिल है।

### योगी ने जेवर भूमि अधिग्रहण के लिए प्रतिकर 3100 से बढ़ाकर किया 4300 रुपये प्रति वर्गमीटर

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के विकास के लिए भूमि दे रहे किसानों की मनचाही मुराद पूरी कर दी है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर किसानों के साथ खुले संवाद के बीच मुख्यमंत्री ने जेवर एयरपोर्ट के लिए तीसरे चरण के भूमि अधिग्रहण के एवज में देय प्रतिकर को 3100 से बढ़ाकर 4300 रुपये प्रति वर्गमीटर तक करने की घोषणा की। इसके अलावा नियमानुसार ब्याज भी देय होगा। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि अधिग्रहण से प्रभावित हर एक किसान परिवार के व्यवस्थापन, रोजगार और सेवायोजन के भी समुचित प्रबंध किए जाएंगे। मुख्यमंत्री की घोषणा को मनचाही मुराद बताते हुए सभी किसानों ने %जय श्रीराम% के नारे से मुख्यमंत्री का अभिवादन किया और कहा कि अब लखनऊ से सीधे अयोध्या धाम जाकर श्रीरामलला के दर्शन-पूजन करेंगे। विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष अप्रैल में प्रधानमंत्री के हाथों से एशिया के इस सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया जाएगा। शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के अंतिम फेज के भूमि प्रदाता किसानों से संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सभी किसानों से संवाद किया। उनकी आशंकाओं, जिज्ञासाओं और मांग के बारे में बातचीत की। संवाद कार्यक्रम के बीच मुख्यमंत्री ने सीईओ यीडा को मंच पर बुलाया और हर एक किसान से मिलने और उनकी समस्याओं के निस्तारण को शीर्ष प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

### श्रीलंका की नौसेना ने 25 बच्चों समेत 102 रोहिंग्याओं को बचाया

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने उत्तर-पूर्वी तट के निकट समुद्र क्षेत्र में संकट में फंसे म्यामांर के 25 बच्चों समेत 102 रोहिंग्याओं को बचा लिया। स्थानीय मछुआरों ने इनको सबसे पहले मुल्लईतिवु जिले के वेल्ला मुल्लीवैक्कल क्षेत्र में देखा। मछुआरों ने नौसेना को इसकी सूचना दी। नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन गयान विक्रमसूर्या ने कहा कि म्यांमार से 102 संदिग्ध अवैध प्रवासियों को ले जा रही नाव रास्ता भटक कर उत्तर-पूर्व में मुल्लईतिवु जिले में मुल्लैवैक्कल तट से दूर समुद्र की ओर बह गई थी। मछुआरों ने इनको 19 दिसंबर को देखा था। सूचना मिलते ही नौसेना के जवान उनके पास पहुंचे और सब को सुरक्षित बचा लिया। नाव में कुल 102 लोग सवार थे। इनमें 25 बच्चे और 40 महिलाएं शामिल हैं। इनमें एक महिला गर्भवती है। नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें त्रिंकोमाली लाया गया है। नौसेना ने दिसंबर 2022 में भी श्रीलंकाई जल क्षेत्र में 100 से अधिक रोहिंग्याओं को बचाया था। कैप्टन विक्रमसूर्या ने बताया कि सभी 102 लोगों को ताजा पानी, भोजन और दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। विदेश और रक्षा मंत्रालय को इसकी सूचना भेज दी गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता निलुका कादुर्गामुवा ने कहा कि सभी 102 लोगों की स्थिति का आकलन किया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की प्रेशर आईईडी से घायल दोनों जवानों की हालत खतरे से बाहर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र अंतर्गत नक्सल प्रभावित कच्चापाल इलाके में नक्सलियों की लगाई गई प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से दो जवान आरक्षक जनक पटेल और आरक्षक घासीराम मांझी घायल हो गए हैं। दोनों जवानों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रायपुर रेफर किया गया है। नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों जवानों की स्थिति खतरे से बाहर है। सुरक्षाबल के जवान शुक्रवार को सड़क निर्माण कार्य की सुरक्षा के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान आईईडी की चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए। दरअसल पुलिस ने हाल ही में नक्सलियों के गढ़ कच्चापाल में सुरक्षाबलों का नया कैंप स्थापित किया है। अब उस पूरे इलाके को सड़क मार्ग से जोड़ा जा रहा है। यहां पहले से ही नक्सलियों ने आईईडी लगा रखा था। उधर, बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित मुदवेंडी कैंप से 2-3 किमी दूरी पर नक्सलियों ने 5-5 किलो के पांच सीरियल बम बिछा रखे थे। सर्चिंग के दौरान गुरुवार देर शाम को नक्सलियों के बिछाए सीरियल बम पर जवानों की मुस्तैदी एवं सजगता के बाद तुरंत बम निरोधक दस्ता ने बमों को निष्क्रिय किया।

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे 2026 तक पूरा बनकर हो जाएगा तैयार: हर्ष मल्होत्रा



**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (डीएमई) पूरी तरह से साल 2026 तक बनकर तैयार हो जाएगा। यह जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने शुक्रवार को परिवहन भवन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान दी।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि यह विलंब कुछ तकनीकी अड़चनों के आ जाने की वजह से हो रहा है। इस परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य जनवरी 2023 तय किया गया था लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह समय सीमा कई बार बढ़ाई गई। देरी होने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि काम चल रहा है और यह जल्दी पूरा हो जाएगा। एक्सप्रेसवे के लिए किसानों तथा अन्य लोगों से जमीन का अधिग्रहण किया जाता है, जिसमें कई बार तकनीकी और व्यावहारिक अड़चन आ जाती है। इसके कारण इस तरह की लम्बी दूरी की सड़कों का निर्माण समय पर पूरा करने में विलंब हो जाता है। इस प्रक्रिया में कई राज्य सरकारें शामिल हैं और भूमि अधिग्रहण राज्य का मामला है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे की आधारशिला मार्च 2019 में रखी गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा के सोहना और राजस्थान के दौसा के बीच पहले खंड का उद्घाटन फरवरी 2023 में किया था। यह भी संयोग ही है कि इसी सप्ताह राजस्थान में भजनलाल शर्मा (भाजपा) सरकार के एक साल पूरा होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के एक और खंड का उद्घाटन किया है।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सशस्त्र सीमा बल के 61वें स्थापना दिवस पर बोले

# सुरक्षा, आतंक और नक्सलवाद से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका

**कोलकाता ■ एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के रानीडांगा में सिलीगुड़ी फ्रंटियर मुख्यालय में आयोजित सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के 61वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने एसएसबी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह बल नेपाल और भूटान के साथ भारत की सीमाओं को सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि एसएसबी ने न केवल सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की है, बल्कि बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में नक्सलवाद के खतरों को भी कमजोर किया है। उन्होंने कहा कि भारत की 2450 किलोमीटर की अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा सशस्त्र सीमा बल द्वारा की जाती है। इन जवानों के होने से कोई चिंता नहीं है।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि सिलीगुड़ी गलियारे और पूर्वोत्तर क्षेत्र में एसएसबी की सतर्कता ने लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत किया है। उन्होंने बल के नक्सलवाद विरोधी अभियानों को सराहा और कहा कि एसएसबी ने अन्य सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को कमजोर करने में बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने बल के जवानों से कहा कि सीमा क्षेत्रों में राष्ट्र विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाकर ऐसे मामलों को कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंपा जाए। उन्होंने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का दिन बताया और कहा कि एसएसबी ने अवैध गतिविधियों को रोकने और राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने का अनुकरणीय काम किया है।

संस्कृति और विरासत को जोड़ने की पहल-शाह ने एसएसबी की उस पहल की भी प्रशंसा की, जिसमें सीमावर्ती गांवों की संस्कृति, भाषा और विरासत को देश की मुख्यधारा से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास सीमावर्ती समुदायों और राष्ट्र के बीच गहरे संबंधों को मजबूत करता है।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के बाद गृह मंत्री का यह दूसरा बंगाल दौरा है, जिसमें उन्होंने एसएसबी के कार्यों की सराहना कर उनकी जिम्मेदारी और योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा। अमित शाह गुरुवार रात को ही सिलीगुड़ी पहुंचे हैं। उनके दौरे को लेकर उत्तर बंगाल में सुरक्षा की व्यापक पैमाने पर व्यवस्था की गई है।



### राहुल गांधी पर केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी का तीखा हमला, कहा- कांग्रेस में अलगाव के लिए जिम्मेदार

कोलकाता। केंद्रीय संसदीय कार्य एवं कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस से बढ़ते टकराव के लिए राहुल गांधी ही जिम्मेदार हैं। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी के व्यवहार के चलते ममता बनर्जी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे जैसे नेता कांग्रेस से दूरी बना रहे हैं। यह बयान प्रह्लाद जोशी ने पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर में प्रधानमंत्री सोलर घर योजना की समीक्षा बैठक के दौरान शुक्रवार को दिया। प्रह्लाद जोशी ने कहा कि राहुल गांधी का व्यवहार कांग्रेस में अलगाव की स्थिति को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी, शरद पवार, अभिषेक बनर्जी और उद्धव ठाकरे जैसे नेता कांग्रेस से दूर जा रहे हैं, और इसका मुख्य कारण राहुल गांधी का नेतृत्व है।+

### अनशन पर बैठे किसान नेता को लेकर आप, कांग्रेस ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सहित विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने शुक्रवार को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) गारंटी और किसानों की कर्ज माफी मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की तबीयत बिगड़ने पर चिंता जताई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का कहना है कि जायज मांगों के लिए किसानों का बार-बार अनशन और प्रदर्शन के लिए मजबूर होना दुर्भाग्यपूर्ण है। 700 से ज्यादा किसानों की शहादत के बावजूद भी सरकार निर्दयी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कृषि कानून को वापस लेने के लिए मजबूर हुई भाजपा सरकार को एक बार फिर किसानों की मांगों को पूरा करने के लिए मजबूर किया जाएगा। किसान नेता जगजीत सिंह पिछले 25 दिनों से पंजाब और हरियाणा के खनौरी बोर्डर पर आमरण अनशन पर हैं।

# भारत बन रहा है विश्व की नवीकरणीय ऊर्जा राजधानी: जोशी




**कोलकाता ■ एजेंसी**

केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने शुक्रवार कहा कि भारत न केवल ऊर्जा क्रांति का साक्षी बन रहा है, बल्कि विश्व की नवीकरणीय ऊर्जा राजधानी बनने की ओर अग्रसर है। वह यहां 21वें यंग इंडियन नेशनल समिट-टेक प्राइड-2024 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में विश्व के सबसे उभरते देशों में से एक बन चुका है।

प्रल्हाद जोशी ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत के कदमों को न केवल पूरी दुनिया बारीकी से देख रही है, बल्कि कई देश इसे अपनाने का प्रयास कर रहे हैं। भारत ने लगभग 15 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी है, जो पिछले वर्ष के 7.54 गीगावॉट के आंकड़े से लगभग दोगुनी है। साथ ही, भारत की गैर-जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षेत्र में कुल स्थापित क्षमता 214 गीगावॉट तक पहुंच गई है, जो पिछले साल की तुलना में 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

2030 तक 500 गीगावॉट लक्ष्य का संकल्प जोशी ने दोहराया कि केंद्र सरकार 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित 500 गीगावॉट क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि भारत जी-20 का एकमात्र ऐसा देश है जिसने 2015 में पेरिस जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में तय किए गए सतत विकास लक्ष्यों को समय सीमा से पहले ही पूरा कर लिया है। मंत्री ने कहा कि भारत के ऊर्जा क्षेत्र का यह परिवर्तन 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य से गहराई से जुड़ा हुआ है।

युवाओं से राजनीति में आने की अपीलमंत्री ने युवाओं के कौशल विकास और सशक्तिकरण के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं को आधुनिक तकनीकों और नए कौशल में प्रशिक्षित करने के लिए कई योजनाओं का समर्थन कर रही है, ताकि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने में अपनी भूमिका निभा सकें। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र सेवा के लिए राजनीति में आने की भी अपील की। जोशी ने बताया कि सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। इसमें सोलर पैनल और मॉड्यूल के घरेलू निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 24 हजार करोड़ रुपये के प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना का शुभारंभ शामिल है।

# दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति येओल को देशद्रोह के आरोप में पूछताछ के लिए फिर बुलाया

**मुंबई ■ एजेंसी**




दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल को एक बार फिर मार्शल लॉ की अल्पकालिक घोषणा से संबद्ध देशद्रोह के आरोप में पूछताछ के लिए संयुक्त जांच दल के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया है। इससे पहले उन्हें 16 दिसंबर को समन जारी कर 18 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। मगर वह नहीं गए थे। संयुक्त जांच दल के आज के समन में राष्ट्रपति को भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) में 25 दिसंबर को सुबह 10 बजे तलब किया गया है। संयुक्त जांच दल में सभी एजेंसियों के उच्च अधिकारी शामिल हैं। सीआईओ ग्योंगगी प्रांत के ग्वाचेन में है। राष्ट्रपति से राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी और राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के संबंध में पूछताछ की जानी है। समन में सभी आरोप निर्दिष्ट किए गए हैं। इनमें देशद्रोह के कृत्यों को अंजाम देना, सत्ता का दुरुपयोग और अधिकारियों के कर्तव्यों के प्रयोग में बाधा पहुंचाना शामिल है। सीआईओ ने ई-मेल और आधिकारिक इलेक्ट्रॉनिक संचार के माध्यम से तीन स्थानों (राष्ट्रपति निवास, राष्ट्रपति सचिवालय, और सामान्य मामलों के लिए राष्ट्रपति सचिव का कार्यालय) पर समन पहुंचाया है।

### यूक्रेनी ड्रोनों का पता लगाने उत्तर कोरिया सेना ने बनाई निगरानी चौकियां

**सोल।** यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई के लिए रूस भेजे गए उत्तर कोरियाई सैनिकों ने यूक्रेनी ड्रोनों का पता लगाने निगरानी चौकियां स्थापित की हैं। मीडिया रिपोर्ट में यूक्रेन की सैन्य खुफिया सेवा ने जानकारी दी कि उत्तर कोरियाई सेना को युद्ध में भारी नुकसान हुआ है। यूक्रेन की रक्षा खुफिया एजेंसी (डीआईयू) के बयान में कहा गया है, गंभीर नुकसान झेलने के बाद, उत्तर कोरिया की इकाइयों ने यूक्रेन के सुरक्षा और रक्षा बलों के ड्रोन का पता लगाने के लिए अतिरिक्त निगरानी चौकियां स्थापित की हैं। पश्चिमी सीमावर्ती क्षेत्र कुर्स्क में रूस अब भी उत्तर कोरियाई सैनिकों का इस्तेमाल कर रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कुर्स्क क्षेत्र में उत्तर कोरियाई सेना के कर्मियों द्वारा लगातार हमला करने वाले समूहों का जमा होना यह दर्शाता है कि मास्को आक्रामक कार्रवाइयों की गति को खोना नहीं चाहता है।

# संसद में धक्का-मुक्की : एफआईआर दर्ज न करने पर कांग्रेस ने जताई नाराजगी, सीसीटीवी जब्त करने की मांग की

### कांग्रेस ने अमित शाह से इस्तीफे की मांग दोहराई

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

कांग्रेस ने गुरुवार को संसद परिसर में सांसदों के बीच हुई धक्का-मुक्की वाली जगह के आसपास के सीसीटीवी फुटेज को जब्त कर उसके आधार पर पुलिस कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इसके साथ ही कांग्रेस ने केन्द्रीय मंत्री अमित शाह से राज्यसभा में आंबेडकर के बारे में की गई अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगने और अपने पद से इस्तीफा देने की मांग भी दोहराई।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा में पार्टी के उपनेता प्रमोद तिवारी और लोकसभा में पार्टी के उपनेता गौरव गोगोई ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय पर आयोजित एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने आरोप लगाया कि यह पहली बार हुआ जब सत्तारूढ़ दल ने संसद की कार्यवाही नहीं चलने दी। उन्होंने कहा कि गुरुवार को भाजपा सासंदों ने जिस तरह संसद के दरवाजे को डंडे और झंडे के साथ घेर रखा था, उससे साफ जाहिर होता है कि वो पूरी तैयारी के साथ आए थे। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ और राहुल गांधी के साथ धक्का-मुक्की की गई। संसद परिसर के सीसीटीवी में एक-एक मिनट की रिकार्डिंग होती है। उस समय के सीसीटीवी फुटेज जब्त किए जाएं और उन्हें सार्वजनिक किया जाए।



कांगेस नेता तिवारी ने कहा कि भाजपा की एफआईआर लिख दी गई और हमारी एफआईआर अभी तक नहीं लिखी गई है। इस पर हमारे पास सभी विकल्प खुले हैं। उन्होंने कहा कि जो दो सांसद अस्पताल में उपचाराधीन हैं, हो सकता है, उन्हें पहले से कोई गंभीर बीमारी हो। यह सब जांच का बिषय है। तिवारी ने कहा कि राज्यसभा में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के बारे में जो आपत्तिजनक टिप्पणी की, उसके लिए वह माफी मांगें और इस्तीफा दें। आंबेडकर के बारे में ऐसी टिप्पणी बाबा साहेब के संविधान के प्रति अनादर है। इस मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह से अब तक अमित शाह का बचाव किया है, वह अनुचित है।

### बांग्लादेश की लेखिका तस्लीमा नसरीन एक मदसरे में बच्चों की वेशभूषा देखकर हो गई हैरान, अचानक ही मुंह से निकला...

# क्या अब बांग्लादेश भी दूसरा सीरिया बनने की ओर जा रहा है

**मुंबई ■ एजेंसी**

*बांग्लादेश के जेसोर के जामिया इस्लामिया मदरसा में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें छात्रों को अपने हिसाब से कपड़े पहनने का निर्देश दिया, लेकिन कई छात्र आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के आतंकियों जैसे कपड़े पहनकर वहां पहुंच गए उनके हाथों में बंदूकें थीं। इसको लेकर बांग्लादेश की लेखिका तस्लीमा नसरीन ने एक और पोस्ट शेयर की, जिसमें छोटे-छोटे बच्चे बंदूकों का प्रदर्शन कर रहे हैं।*

*नसरीन ने कहा कि यही बच्चे आगे चलकर असली हथियार उठाएंगे। सोशल मीडिया में यह तस्वीर वायरल हो गई। लोग पूछने लगे कि क्या बांग्लादेश दूसरा सीरिया बनने जा रहा है बांग्लादेश को प्यार करने वाली कई हस्तियों ने इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। दावा किया जा रहा है कि बांग्लादेश के जेसोर जिले में जिहाद का आह्वान किया गया। एक यूजर ने एक्स पर शेयर करते हुए लिखा- बांग्लादेश का जेसोर जामिया इस्लामिया मदरसा जहां इस्लामिक आतंकवादी खुलेआम मशीन गन से धमकी दे रहे हैं।*

*इस वीडियो को मशहूर बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा- जेसोर के मदरसे के छात्र वार्षिक समारोह में एक नाटक पेश कर रहे हैं। इसमें वे इस्लामी आतंकवादियों की तरह पहने कपड़ों में जिहाद के समर्थन में कुरआन की आयतें पढ़ रहे हैं। वे बंदूकें लहरा रहे हैं। अभी तो यह खिलौना बंदूकें हैं, लेकिन कौन जानता है कि बाद में ये बंदूकें असली होंगी।*



*बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद ने भी इस वीडियो की आलोचना की है। इतना ही नहीं लेखिका तस्लीमा ने एक और वीडियो पोस्ट किया, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चे हाथों में बंदूक थामे कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने लिखा, ये बांग्लादेश के मदरसे हैं, जहां ऐसी तालीम दी जा रही है। आतंकियों की तरह पोशाक पहने शख्स उंगली उठाकर बैठा है, जबकि उसकी आतंकी सेना बंदूकों, तलवारों और हथगोले से लैस खड़ी है। जब ये बच्चे बड़े होंगे, तो इस्लामी कानून की अवहेलना करने वालों को मारने के लिए असली बंदूकें, तलवारें और हथगोले उठाएंगे। उनका लक्ष्य दुनिया को इस्लामी तरीके पर चलाना होगा।*

#### मुफ्ती भी दे गए सफाई

*वीडियो जब वायरल हुआ तो मदरसा के प्रमुख मुफ्ती लुत्फुर रहमान फारूकी ने सफाई दी। उन्होंने कहा कि यह एक नाटक था। इसका नाम 'गो ऐज यू लाइक' रखा गया था। मंच से अरबी में जो भाषण दिए गए, उसमें उग्रवाद की कोई बात नहीं थी। छात्रों के हाथों में दिख रहा हथियार असली नहीं है, बल्कि यह खिलौना था। जेस्सोर पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने वीडियो और आतंकवाद के बीच किसी भी संबंध से इनकार किया है।*



# बेर के सेवन से पाएं कई सेहत समस्याओं से निजात

'बेर' खास और खट्टा-मीठा फल है। यह फल खाने में जितना अच्छा लगता है, इसके फायदे भी उतने ही होते है। यदि आप ठंड में बेर का सेवन करते हैं तो इस मौसम में होने वाली सेहत समस्या और अन्य कई समस्याओं से निजात भी पा सकते हैं। आइए, जानते हैं बेर फल को खाने से मिलने वाले फायदे –

- यदि आपकी त्वचा पर कट लगा हो या घाव हो जाए तो आप बेर का गूदा घिसकर घाव पर लगा लें। ऐसा करने से घाव जल्दी भरता है।
- बेर का सेवन खुश्की और थकान को दूरने में मदद करता है।
- बेर की पत्तियों में कैल्शियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम, पोटेशियम, सोडियम, क्लोरीन, प्रचुर मात्रा में होता है। यदि आप बेर और नीम के पत्ते पीसकर सिर में लगाएं तो इससे सिर के बाल गिरने कम होते हैं।
- बेर का जूस पीने से बुखार और फेफड़े संबंधी रोग ठीक होते है।
- बेर पर नमक और काली मिर्च लगाकर खाने से अपच की समस्या दूर होती है।
- सूखे हुए बेर खाने से कब्ज और पेट संबंधित परेशानियां दूर होती हैं।
- अगर आप बेर को छाछ के साथ लेंगे तो इससे घबराहट, उलटी आना और पेट दर्द से राहत मिलती है।
- नियमित बेर खाने से अस्थमा के रोगियों को भी आराम मिलता है साथ ही अगर किसी को मसूड़ों में घाव हो गया हो तो वह भी जल्दी भर जाता हैं।



# टमाटर सूप है बेहद फायदेमंद

लाल लाल स्वादिष्ट टमाटर कई सब्जियों व डिश का अहम हिस्सा होते है। कच्चे टमाटर के अलावा उनका सूप भी बहुत ही स्वादिष्ट और पौष्टिक होता है। आमतौर पर खाने से पहले स्टार्टर के तौर पर लिए जाने वाले टमाटर सूप में विटामिन A, E, C, K और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं। जो आपको हेल्दी और फिट रखने में मदद करते हैं। टमाटर सूप पीने से सेहत को मिलने वाले गजब के फायदे –

## हड्डियों के लिए फायदेमंद

टमाटर सूप में विटामिन K और केल्शियम होता है जो हड्डियों को मजबूत रखता है। इसके अलावा शरीर में लाइकोपीन की कमी होने से भी हड्डियों पर तनाव बढ़ता है और टमाटर में काफी मात्रा में लाइकोपीन होता है, जो हड्डियों के लिए अच्छा होता है।

## दिमाग को रखें दुरुस्त

टमाटर सूप में भरपूर मात्रा में कॉपर और पोटेशियम पाया जाता है, जिससे नर्वस सिस्टम ठीक रहता है और दिमाग को मजबूती मिलती है।

## विटामिन की कमी करे पूरी

टमाटर सूप में विटामिन A और C अच्छी मात्रा में होता है। विटामिन इ, टिशू के विकास के लिए जरूरी होता है। कहते है कि शरीर में रोजाना 16% विटामिन A और 20% विटामिन C की जरूरत होती है और टमाटर सूप इसकी जरूरत को पूरा करता है।

## वजन करे कम

टमाटर सूप को अगर ऑलिव ऑयल से बनाया जाए तो यह वजन घटाने में सहायक होता है, क्योंकि इसमें पानी और फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है, जिससे आपको काफी समय तक भूख नहीं लगती।

## कैंसर का खतरा करे कम

टमाटर सूप में लाइकोपीन और कैरोटोनॉयड जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं, जिससे कैंसर की आशंका कम हो जाती है।

## ब्लड शुगर को करे नियंत्रण

डायबिटीज के मरीजों को डाइट में टमाटर सूप जरूर लेना चाहिए। इसमें क्रोमियम होता है, जो ब्लड शुगर को नियंत्रण में रखने में सहायक होता है।

## रक्त प्रवाह को बढ़ाए

टमाटर में सेलेनियम होता है, जो रक्त प्रवाह को बढ़ाता है जिससे एनिमिया का खतरा कम हो जाता है।





# रात में सोने से पहले गर्म पानी के साथ करें गुड़ का सेवन

**गुड़ एक ऐसा खाद्य पदार्थ है जो आपको घर की रसोई में ही बड़ी आसानी से मिल जाएगा। इसका सेवन अगर अलग-अलग रूपों से किया जाए तो यह हमारी सेहत को नीचे बताई जा रही बीमारियों की चपेट में आने से बचाए रख सकता है।**

## गुड़ के फायदे

रात में सोने से पहले गर्म पानी के साथ करें गुड़ का सेवन, इन जानलेवा बीमारियों का खतरा हो जाएगा कमसेहतमंद बने रहने के लिए हमें कई प्रकार के खाद्य पदार्थों का सेवन नियमित रूप से भी करना चाहिए। खाने के बाद हमें अक्सर किसी मीठे पदार्थ को खाने की सलाह दी जाती है ताकि पाचन क्रिया में आसानी हो। इन खाद्य पदार्थों में गुड़ का भी नाम शामिल है जो आमतौर पर सभी घरों में बड़ी आसानी से मिल जाता है। विभिन्न प्रकार के पकवानों को बनाने में भी गुड़ का इस्तेमाल किया जाता है। इसका अलग-अलग रूप से सेवन करें तो यह हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इस लेख में आपको गुड़ का सेवन करने से होने वाले विशेष फायदों के बारे में बताया जाएगा ताकि आप भी अपनी दिनचर्या में इसको शामिल करके सेहतमंद बने रहें।

## वजन घटाने में

वजन घटाने के लिए मुख्य रूप से गुड़ के पानी का सेवन करने की सलाह दी जाती है। कई मशहूर डायटिशियन भी सुझाव देते हैं कि जिन लोगों को मोटापे की समस्या है, उन्हें नियमित रूप से गुड़ के पानी का सेवन करना चाहिए1 इससे वजन को कम करने में प्रभावी रूप से असर दिखाई पड़ने लगता है।

## पाचन क्रिया को ठीक करने के लिए

पाचन क्रिया को अगर थोड़ी भी समस्या का सामना करना पड़ता है तो यह में कई प्रकार की बीमारियों की चपेट में ला सकता है। एक अध्ययन के अनुसार इसमें फाइबर की अच्छी मात्रा पाई जाती है। फाइबर एक ऐसा पोषक तत्व है जो मुख्य रूप से पाचन क्रिया को सुचारू रूप से चलाए रखने के लिए शरीर के लिए बहुत आवश्यक होता है। गुड़ के जरिए इस पोषक तत्वों की पूर्ति करके पाचन क्रिया को मेंटेन रखा जा सकता है।

## खून की कमी होने से बचाए

खून की कमी सबसे ज्यादा गर्भावस्था में महिलाओं को परेशान कर सकती है और यह समस्या गर्भस्थ शिशु के लिए मुसीबत बन सकती है। चूंकि गुड़ में आयरन की काफी मात्रा होती है इसलिए महिलाओं के लिए इसका सेवन खून की कमी होने से रोकेगा और जच्चा-बच्चा दोनों को स्वस्थ रखने में भी मददगार साबित होगा। हालांकि, पहली और दूसरी तिमाही में गुड़ का सेवन न करने की सलाह दी जाती है क्योंकि गुड़ की तासीर गर्म होती है और यह बच्चे के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुधारने के लिए

रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यून सिस्टम) को मजबूत बनाकर आप कई प्रकार कीसंक्रामक बीमारियों और कुछ जानलेवा बीमारियों के खतरे से भी बचे रह सकते हैं। एक वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार, गुड में मौजूद जिंक और विटामिन-सी की मात्रा रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए प्रभावी रूप से मददगार साबित होती है। इसलिए जिन लोगों की इम्युनिटी कमजोर है, वे गुड़ का सेवन कर सकते हैं।

## ब्लड प्रेशर को कम करे

हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से हर साल पूरी दुनिया में लाखों लोगों की मौत होती है। इसे हाइपरटेंशन के नाम से भी जाना जाता है। जबकि गुड़ में मौजूद पोटेशियम की मात्रा आपको हाइपरटेंशन की समस्या से बचा सकती है। इतना ही नहीं, गुड में मौजूद पोटैशियम की मात्रा आपके ब्लड प्रेशर को संतुलित बनाए रखने के साथ-साथ स्ट्रोक, ओस्टियोपोरोसिस और किडनी स्टोन की समस्या से भी शरीर को सुरक्षा प्रदान करती है।

## लिवर को साफ रखने के लिए

लिवर की क्लीनिंग करना बहुत जरूरी है, नहीं तो यहां अल्सर और इंफेक्शन की भी समस्या हो सकती है। लिवर में अगर लंबे समय तक संक्रमण बना रहता है तो यह कैंसर का रूप ले सकता है। जबकि गुड़ में मौजूद डिटॉक्सिक गुण टॉक्सिक पदार्थों को लिवर से बाहर निकालने का कार्य कर सकता है। इसके लिए आप चाहे तो गुड़ को गर्म पानी में उबालकर भी इसका सेवन कर सकते हैं।

## गुड़ खाने के नुकसान क्या हैं?

गुड़ खाने के फायदे के साथ-साथ आपको इससे होने वाले संभावित नुकसान के बारे में भी बताया जा रहा है ताकि आप अपनी सेहत का खास ख्याल रख सकें। अधिक मात्रा में किसी भी खाद्य पदार्थ का सेवन करना नुकसानदायक होता है और गुड़ के साथ भी यही बात लागू होती है। अधिक मात्रा में यदि आप गुड़ का सेवन करते हैं तो यह शुगर, मोटापा और टाइप टू डायबिटीज का खतरा भी बढ़ा सकता है।



# पोषण के मामले में सभी दालों पर भारी है मूंग दाल

**दालें प्रोटीन से भरपूर होती हैं। वैसे तो हर दाल पोषक तत्वों से भरपूर होती है लेकिन फिर भी अगर आपको प्रोटीन की मात्रा से के साथ कुछ परेशानियों को जड़ से खत्म करना है, तो आप अपनी डाइट में मूंग दाल जरूर जोड़ें। किसी भी रूप में मूंग दाल के सेवन के कई फायदे हैं।**

## दाल के पोषक तत्व

- दालों में सबसे पौष्टिक दाल, मूंग की होती है, इसमें विटामिन ए, बी, सी और ई की भरपूर मात्रा होती है। साथ ही पोटेशियम, आयरन, कैल्शियम की मात्रा भी मूंग में बहुत होती है। इसके सेवन से शरीर में कैलोरी भी बहुत नहीं बढ़ती है। अगर अंकुरित मूंग दाल खाएं तो शरीर में कुल 30 कैलोरी और 1 ग्राम फैट ही पहुंचता है।
- अंकुरित मूंग दाल में मैग्नीशियम, कॉपर, फोलेट, राइबोफ्लेविन, विटामिन, विटामिन सी, फाइबर, पोटेशियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम, आयरन, विटामिन बी -6, नियासिन, थायमिन और प्रोटीन होता है।
- मूंग की दाल के स्प्राउट में ग्लूकोज लेवल बहुत कम होता है इस वजह से मधुमेह रोगी इसे खा सकते हैं।
- मूंग की दाल के स्प्राउट में ओलियोसाच्चाराइडस होता है जो पॉलीफिनॉल्स से आता है। ये दोनों की घटक, गंभीर रोगों से लड़ने की क्षमता को प्रबल करते हैं। कैंसर के रोगी भी इसका सेवन आराम से कर सकते हैं।
- मूंग की दाल में ऐसे गुण होते हैं, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा देते हैं और उसे बीमारियों से लड़ने की ताकत देते हैं। इसमें एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-इंफलामेट्री गुण होते हैं, जो शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाते हैं।
- मूंग की दाल के स्प्राउट में शरीर के टॉक्सिक को निकालने के गुण होते हैं। इसके सेवन से शरीर में विषाक्त तत्वों में कमी आती है।

## ऐसे बनाएं हेल्दी मूंग दाल का चीला

रात को मूंग दाल को एक पैन में पानी डालकर रख दें। इसके बाद सुबह इसे छान कर ग्राइंडर में पीस लें। इसके बाद इसमें नमक डालकर अच्छी तरह से मिला लें। अब तवा को गर्म करें। गर्म हो जाने में थोड़ा सा तेल डालकर मूंग दाल के पेस्ट को डालकर अच्छी तरह से फैला लें। इसके बाद इसमें सभी सब्जियां और पनीर डाल दें। इसके बाद इसमें थोड़ा सा घी डालकर दूसरी तरफ भी सेंक लें। इसके बाद इसे प्लेट में निकाल लें। आपका मूंग दाल का चीला बनकर तैयार हैं। इसे हरी या लाल चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें।



# नारियल पानी के सेवन से मिलते हैं बेहतरीन सेहत लाभ

**नारियल पानी अधिकतर लोगों को पसंद आता है। लेकिन ये सिर्फ स्वादिष्ट ही नहीं बल्कि सेहत के लिहाज से भी काफी फायदेमंद है। दरअसल, इसमें शरीर के लिए फायदेमंद कई तरह के विटामिन्स, मिनरल्स और इलेक्ट्रोलाइट पाए जाते हैं। जो आपको कई सेहत लाभ देते है। तो आइए जानते हैं नारियल पानी से क्या-क्या फायदे मिलते हैं.**

- नारियल पानी का सेवन लिवर के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। नारियल पानी में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। जो लिवर में कई तरह के विषाक्त पदार्थों की गतिविधि को कम करते हैं। इसका सेवन करना लिवर के लिए काफी लाभकारी होता है।
- पेट के लिए नारियल पानी बेहद फायदेमंद है। इसके सेवन से पेट दर्द, एसिडिटी, अल्सर में थोड़ा-थोड़ा नारियल पानी पीने से आराम मिलता है।
- ऊर्जावान रहने के लिए नारियल पानी काफी अच्छा होता है। इसके सेवन से कमजोरी, थकान, चक्कर आने जैसी समस्याओं में इसको पीने से तत्काल लाभ प्राप्त होता है।
- नारियल पानी हृदय रोग का जोखिम कम करने का काम करता है। इसके सेवन से खराब कोलेस्ट्रॉल कम होता है।
- वजन कम करना चाहते है, तो नारियल पानी आपकी बहुत मदद करेगा। यह कैलोरी में कम और पचाने में आसान होता है। इसमें कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो वजन और मोटापा कम करने में मददगार हैं।
- त्वचा में ग्लो और स्किन बिलकुल क्लिन रखना चाहते है तो नारियल पानी आपको नियमित रूप से पीना चाहिए। यदि चेहरे पर मुहांसे और दाग धब्बों की समस्या बढ़ गई है ,तो नारियल पानी का सेवन आपकी सारी समस्या को दूर करेगा।



# इस आयुर्वेदिक चाय से मजबूत होगा इम्यून सिस्टम

**अगर आपकी प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ गई है और आप बार-बार सर्दी, खांसी, जुकाम या बुखार से पीड़ित हो रहे हैं तो आपको जरूरत है इस खास आयुर्वेदिक चाय की। तुलसी और अन्य मसालों से बनी ये चाय तेजी से आपकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएगी।**

## चाय बनाने की सही विधि

**सामग्री :** तुलसी के सुखाए हुए पत्ते (जिन्हें छाया में रखकर सुखाया गया हो) 500 ग्राम, दालचीनी 50 ग्राम, तेजपान 100 ग्राम, ब्राह्मी बूटी 100 ग्राम, बनफशा 25 ग्राम, सौंफ 250 ग्राम, छोटी इलायची के दाने 150 ग्राम, लाल चन्दन 250 ग्राम और काली मिर्च 25 ग्राम।

**विधि :** सब पदार्थों को एक-एक करके इमाम दस्ते (खल बत्ते) में डालें और मोटा-मोटा कूटकर सबको मिलाकर किसी बरनी में भरकर रख लें। बस, तुलसी की चाय तैयार है। दो कप चाय के लिए यह 'तुलसी चाय' का मिश्रण (चूर्ण) आधा छोटा चम्मच भर लेना काफी है।

दो कप पानी एक तपेली में डालकर गरम होने के लिए आग पर रख दें। जब पानी उबलने लगे तब तपेली नीचे उतार कर आधा छोटा चम्मच मिश्रण डालकर फौरन ढक्कन से ढंक दें। थोड़ी देर तक उबलने दें फिर छानकर कप में डाल लें। इस चाय में दूध नहीं डाला जाता। मीठा करना चाहें तो उबलने के लिए आग पर तपेली रखते समय ही उचित मात्रा में शकर डाल दें और गरम होने के लिए रख दें।

## संक्षिप्त समाचार

### आईओसी ने अध्यक्ष पद की उम्मीदवारी के दस्तावेज जारी किये

**जिनेवा।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने गुरुवार को ग्रीस में 144वें आईओसी सत्र में होने वाले आईओसी अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए सात उम्मीदवारों के उम्मीदवारी दस्तावेज जारी किए। ये दस्तावेज सभी के लिए डाउनलोड करने और देखने के लिए उपलब्ध हैं, और कुछ दस्तावेज अंग्रेजी, फ्रेंच और स्पेनिश संस्करणों में उपलब्ध कराए गए हैं। सात उम्मीदवार, एचआरएच प्रिंस फैसल अल हुसैन (जॉर्डन ओलंपिक समिति के अध्यक्ष), डेविड लैपर्टिएंट (यूनियन साइक्लिस्ट इंटरनेशनेल के अध्यक्ष), जोहान एलियाश (अंतरराष्ट्रीय स्की और स्नोबोर्ड फेडरेशन के अध्यक्ष), जुआन एंटोनियो समरंच (आईओसी के उपाध्यक्ष), क्रिस्टी कोवेंट्री (जिम्बाब्वे के तैराक और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता), सेबेस्टियन को (विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष), मोरिनारी वतनबे (अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघ के अध्यक्ष), 30 जनवरी, 2025 को स्विट्ज़रलैंड के लॉज़ेन में आईओसी सदस्यों के समक्ष ऑनलाइन अपने अध्यक्षीय उम्मीदवारी की प्रस्तुति देंगे। आईओसी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव 18-21 मार्च, 2025 को ग्रीस में 144वें आईओसी सत्र के दौरान होगा।

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : अंतिम दो टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम से बाहर हुए मैकस्वीनी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के बाकी बचे मैचों के लिए ओपनर नाथन मैकस्वीनी को टीम से बाहर कर दिया है। पर्थ में सीरीज के पहले मैच में डेब्यू करने वाले मैकस्वीनी ने अब तक तीन टेस्ट मैचों में 10, 0, 39, 10*, 9 और 4 रन बनाए हैं। उनकी जगह 19 वर्षीय न्यू साउथ वेल्स के ओपनर सैम कोंस्टास को टीम में शामिल किया है। कोंस्टास सीरीज से पहले डेविड वॉर्नर की खाली जगह भरने की दौड़ में थे, लेकिन प्रबंधन ने शुरुआत में मैकस्वीनी को ही मौका दिया। कोंस्टास ने पिछले महीने इंडिया ए के खिलाफ़ नाबाद 73 रन और प्रधानमंत्री एकादश के लिए पिंक बॉल वार्म-अप गेम में 107 रन बनाए थे। इसके बाद उन्होंने इस महीने की शुरुआत में शेफ़ील्ड शील्ड में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ न्यू साउथ वेल्स के लिए 88 रन और तीन दिन पहले बिग बैश लीग में सिडनी थंडर के लिए 27 गेंदों में 56 रन बनाए। चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, सैम को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उनकी बल्लेबाजी की शैली अलग पहचान देती है और हम उनके खेल को और बेहतर होते देखने के लिए उत्सुक हैं। हमें पूरा भरोसा है कि नाथन में भविष्य में टेस्ट स्तर पर सफल होने की क्षमता और स्वभाव है। उन्हें बाहर रखना एक कठिन निर्णय था। पूरी श्रृंखला में बल्लेबाजों के लिए शीर्ष क्रम में खेलना स्पष्ट रूप से एक चुनौती रही है और हम अगले दो मैचों के लिए एक अलग लाइन अप का विकल्प प्रदान करना चाहते हैं।

राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप

# धीरज, दीपिका ने अंतिम दिन रिकर्व खिताब जीता, टीम पदक भी जीते

**जमशेदपुर ■ एजेंसी**

ओलंपियन बी. धीरज और दीपिका कुमारी शुक्रवार को गोपाल मैदान में राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप के अंतिम दिन क्रमश: रिकर्व पुरुष और महिला वर्ग में चैंपियन बनकर उभरे। उन्होंने टीम मेडल जीतकर अपनी खुशी दोगुनी कर दी।

दिव्यांश चौधरी के साथ व्यक्तिगत खिताबी मुकाबले में धीरज ने पहले दो सेटों में अंक बांटे, जबकि दूसरे सेट में उन्होंने परफेक्ट 30 स्कोर किया, उन्होंने लगातार येलो जोन में पहुंचकर 6-2 के स्कोर के साथ अपना पहला खिताब जीता। उनके 18 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी पहली बार पोडियम पर शूटिंग करने के दबाव को नहीं झेल पाए। धीरज ने सर्विसेस पुरुष टीम की कांस्य पदक जीत में भी योगदान दिया।

धीरज ने कहा, यह एक अच्छा प्रदर्शन था। मैंने जो कुछ भी किया है, वह सही दिशा में जा रहा है। पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन के रंग में रंगी दीपिका ने अपने पति अतनु दास के साथ



### कनिष्कदेव गोरावाला मीडिया क्रिकेट ईश्वरदेव की जीत में चमके अमित

**वाराणसी।** मैन आफ द मैच अमित मिश्र (अजेय 37 रन, 2 विकेट) के हरफनमौला खेल की बदौलत गत उपजेता ईश्वरदेव मिश्र एकादश ने विद्याभास्कर एकादश को आठ विकेट से पराजित कर दिया। शुक्रवार को आनन्द चंदोला खेल महोत्सव के तहत खेली जा रही 37वीं कनिष्कदेव गोरावाला मीडिया क्रिकेट के उद्घाटन मुकाबले में विद्याभास्कर एकादश टास हारने पर पहले खेलने के लिए बाध्य हुई।

मिलकर पंजाब की सिमरनजीत कौर और आदित्य चौधरी की जोड़ी को 6-2 से हराकर मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

महिलाओं के व्यक्तिगत फाइनल में दीपिका ने स्थानीय पसंदीदा अंकिता भक्त को 6-2 से हराकर अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। दीपिका ने कहा, मैं नतीजों की परवाह किए बिना कुछ प्रयोग कर रही हूं। मेरा अंतिम लक्ष्य ओलंपिक है।

**परिणाम: रिकर्व: व्यक्तिगत: पुरुष: स्वर्ण** : बी. धीरज (एसएससीबी) ने दिव्यांश चौधरी (हरियाणा) को 6-2 से हराया; कांस्य: अतुल वर्मा (उत्तराखंड) ने चिंगखम अचनबा सिंह (अरुणाचल) को 7-1 से हराया।

**महिला: स्वर्ण** : दीपिका कुमारी (पीएसपीबी) ने अंकिता भक्त (झा) को 6-2 से हराया; कांस्य: सिमरनजीत कौर (पंजाब) ने भार्गवी भगोरा (गुजरात) को 6-5 (शूट-ऑफ: 8-7) से हराया।

**टीम: पुरुष: स्वर्ण:** रेलवे ने हरियाणा को 6-2 से हराया; कांस्य: एसएससीबी ने राजस्थान को 5-4 से हराया (शूट-ऑफ: 29-28)।

**महिला: स्वर्ण:** मध्य प्रदेश को 5-3 से हराया; कांस्य: महाराष्ट्र ने रेलवे को 6-2 से हराया; मिश्रित: स्वर्ण : पीएसपीबी ने पंजाब को 6-2 से हराया; कांस्य: : मध्य प्रदेश ने महाराष्ट्र को 5-1 से हराया।

# पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी करेगा नई दिल्ली

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 26 सितंबर से 5 अक्टूबर 2025 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होगा, जो अगले मार्च में पहली बार विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स की मेजबानी भी करेगा।

अगले साल पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप नई दिल्ली में होगी, जो पहली बार भारत में इस आयोजन की मेजबानी करेगा, विश्व पैरा एथलेटिक्स (डब्ल्यूपीए) ने गुरुवार (19 दिसंबर) को उक्त घोषणा की।

पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप, दुनिया की सबसे बड़ी एकल पैरा खेल प्रतियोगिता, 26 सितंबर से 5 अक्टूबर 2025 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। नई दिल्ली 2025 चैंपियनशिप का 12वां संस्करण होगा और दोहा 2015, दुबई 2019 और कोबे 2024 के बाद चौथी बार एशिया में इसकी मेजबानी की जाएगी।

इसके अलावा, डब्ल्यूपीए ने घोषणा की कि नई दिल्ली अगले साल पहली बार विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स की मेजबानी भी करेगा। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 11 से 13 मार्च तक होने वाला यह आयोजन प्रशंसकों को विश्व चैंपियनशिप से पहले पैरा एथलेटिक्स के



रोमांच का अनुभव करने का एक प्रारंभिक अवसर देगा।

विश्व पैरा एथलेटिक्स के प्रमुख पॉल फिट्ज़गेराल्ड ने विश्व पैरा एथलेटिक्स प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि लॉस एंजिल्स 2028 की ओर नए पैरालंपिक चक्र की पहली प्रमुख चैंपियनशिप नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। 2025 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप भारत में होने वाली अब तक की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय पैरा खेल प्रतियोगिता होगी, जो हमारे खेल, हमारे प्रशंसक आधार को बढ़ाने और दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में विकलांग व्यक्तियों के बारे में समाज की धारणा को प्रभावित करने का एक बड़ा अवसर पेश करेगी।

उन्होंने कहा, भारत पिछले दशक में पैरा एथलेटिक्स के विकास का सबसे अच्छा उदाहरण है।

# एचआईएल का भव्य होगा आगाज, सारा अली खान और किंग होंगे मुख्य आकर्षण

**नई दिल्ली ■ प्रतिनिधि**

बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 भव्य शैली में वापसी करने के लिए तैयार है, जिसकी शुरुआत 28 दिसंबर को उद्घाटन मैच से पहले राउरकेला के बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ होगी।

यह कार्यक्रम, जो खेल, मनोरंजन और अत्याधुनिक तकनीक का एक शानदार उत्सव होने का वादा करता है, में शीर्ष भारतीय हस्तियों द्वारा शानदार प्रदर्शन किया जाएगा, जिसका थीम हॉकी का जश्न होगा। बॉलीवुड सनसनी सारा अली खान और प्रसिद्ध संगीत कलाकार किंग अपने शानदार प्रदर्शन के साथ शाम को सुर्खियाँ



बटोरेंगे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित श्यामक डावर डांस ट्रूप गतिशील कोरियोग्राफी के साथ मंच को जीवंत करेंगे।

रात की एक खास विशेषता अभिनव एनामॉर्फिक फ़्लोर प्रोजेक्शन मैपिंग होगी, जो स्टेडियम के फ़्लोर पर प्रोजेक्ट किए गए 3डी भ्रम के साथ प्रशंसकों के लिए एक विजुअल इमर्सिव अनुभव प्रदान करेगी।

प्रशंसकों को एक्शन के और करीब लाने के प्रयास में, राउरकेला में दर्शकों के लिए उद्घाटन समारोह और एचआईएल 2024-25 के सभी मैचों के टिकट नि:शुल्क होंगे। इस पहल का उद्देश्य लीग को देश भर के प्रशंसकों के लिए और अधिक सुलभ बनाना है, ताकि वे विश्व स्तरीय खेल तमाशा लाइव देख सकें।

हॉकी इंडिया लीग के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने एचआईएल द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से कहा, राउरकेला हॉकी के प्रति गहरा प्रेम रखने वाला शहर है, और यह उचित ही है कि हम यहाँ इतने भव्य समारोह के साथ लीग का शुभारंभ करें। हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने उद्घाटन समारोह के बारे में अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा, इस साल का उद्घाटन समारोह पहले कभी नहीं हुआ है।

हम इसे हॉकी का एक सच्चा उत्सव बनाना चाहते थे, जिसमें मनोरंजन और नवाचार का मिश्रण इस तरह से हो कि प्रशंसक उत्साहित हों और खेल को उनके और करीब लाए। सारा अली खान और किंग के प्रदर्शन से लेकर अत्याधुनिक दृश्य प्रभावों तक, हमें विश्वास है कि यह कार्यक्रम हॉकी के अविस्मरणीय सत्र के लिए मंच तैयार करेगा।

उन्होंने कहा, उद्घाटन समारोह में न केवल खेल का जश्न मनाया जाएगा, बल्कि उन प्रशंसकों का भी जश्न मनाया जाएगा जो हीरो एचआईएल की वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हम सभी को इस असाधारण आयोजन का अनुभव लेने के लिए आमंत्रित करते हुए रोमांचित हैं।

## व्यापार

## संक्षिप्त समाचार

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2 अरब डॉलर घटकर 652.86 अरब डॉलर हुआ

**मुंबई।** आर्थिक मोर्चे पर झटका लगने वाली खबर है। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे हफ्ते गिरावट दर्ज हुई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 1.988 अरब डॉलर घटकर लगभग छह महीने के निचले स्तर 652.87 अरब डॉलर पर आ गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया है कि 13 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर घटकर 652.87 अरब डॉलर रह गया। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 3.23 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 654.85 अरब डॉलर रह गया था। आंकड़ों के मुताबिक पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक माने जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.04 अरब डॉलर घटकर 562.57 अरब डॉलर रह गई है। हालांकि, इस दौरान स्वर्ण भंडार का आरक्षि?त मूल्य 1.12 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 68.05 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.5 करोड़ डॉलर घटकर 17.99 अरब डॉलर रह गया है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 2.7 करोड़ डॉलर घटकर 4.24 अरब डॉलर रहा।

### भारत ने यूरोपीय संघ के समक्ष व्यापार बाधाओं का मुद्दा उठाया: वाणिज्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत ने यूरोपीय संघ (ईयू) के बाजारों में घरेलू उद्योग के सामने आ रही बाधाओं को रेखांकित कर इन्हें हल करने का आग्रह किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक के बीच देर रात वर्चुअल बातचीत की। इस दौरान दोनों के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की प्रगति के अलावा कई मुद्दे पर चर्चा की गई। मंत्रालय ने बताया कि वाणिज्य मंत्री गोयल ने मारोस सेफकोविक के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई बातचीत में व्यापार में बाधा डाल रही गैर-टैरिफ बाधाओं पर चर्चा की। गोयल ने चर्चा के दौरान विश्वास बनाने के उपाय के रूप में लंबे समय से लंबित मुद्दों को हल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों ने एक संतुलित, न्यायसंगत, महत्वाकांक्षी और पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए की खोज करने पर सहमति व्यक्त की। वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने भारत और यूरोपीय संघ के लगभग 2 बिलियन (2 अरब) लोगों के लिए अधिक धन और समृद्धि सुनिश्चित करने के तरीकों का पता लगाने पर सहमति व्यक्त की। मंत्रालय ने कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) के नए यूरोपीय आयोग का कार्यभार संभालने के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली परिचयात्मक बैठक थी।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यों के मंत्रियों के साथ की बजट पूर्व परामर्श बैठक

**जैसलमेर/नई दिल्ली ■ एजेंसी**

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को राजस्थान के जैसलमेर में आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारियों के सिलसिले में बैठक की। निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (विधानसभा सहित) के मुख्यमंत्री, मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्रियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। सीतारमण ने राजस्थान के जैसलमेर में आयोजित इस बैठक में आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (विधानसभा सहित) के साथ विचार-विमर्श किया।

मंत्रालय के मुताबिक वित्त मंत्री सीतारमण के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के साथ गोवा, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, मेघालय और ओडिशा के मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना के उप-मुख्यमंत्री, राज्यों और केंद्र शासित



प्रदेशों के वित्त मंत्री, आर्थिक मामलों और व्यय विभागों के सचिव और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का जैसलमेर एयरपोर्ट पहुंचने पर राजस्थान की उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी, भाजपा कार्यकर्ताओं और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि आगामी वित्त वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट एक फरवरी, 2025 को संसद में पेश किए जाने की संभावना है। यह सीतारमण का लगातार आठवां बजट और मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा पूर्ण बजट होगा। बजट से भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक नीतिगत दिशा मिलेगी।

### आरबीआई गवर्नर ने वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा की

**गुवाहाटी/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के केंद्रीय बोर्ड की बैठक गवर्नर संजय मल्होत्रा के नेतृत्व में शुक्रवार को हुई। इस बैठक के दौरान वर्तमान वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा करते हुए भारत में बैंकिंग की प्रवृत्तियां और उसकी प्रगति




2023-24 के लिए मसौदा रिपोर्ट पर भी विचार विमर्श किया गया। आरबीआई ने 'एक्स' पोस्ट पर बताया कि केंद्रीय निदेशक मंडल की 612वीं बैठक आज गुवाहाटी में गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में हुई। बोर्ड ने बैंक गवर्नर के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान शक्तिकांत दास की ओर से दी गई बहुमूल्य सेवाओं की सराहना की। गवर्नर मल्होत्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान केंद्रीय बोर्ड ने वैश्विक एवं घरेलू आर्थिक स्थिति और दृष्टिकोण की समीक्षा की। इसके अलावा बोर्ड ने चुनिंदा केंद्रीय कार्यालय विभागों की गतिविधियों के साथ-साथ भारत में बैंकिंग की प्रवृत्ति और प्रगति, 2023-24 पर मसौदा रिपोर्ट पर चर्चा की। इस बैठक में उप-गवर्नर डॉ. माइकल देवव्रत पात्रा, एम. राजेश्वर राव, टी. रबी शंकर, स्वामीनाथन जे. और केंद्रीय बोर्ड के अन्य निदेशक सतीश के. मराठे, रेवती अय्यर, प्रो. सचिन चतुर्वेदी, वेणु श्रीनिवासन तथा डॉ. रवींद्र एच. ढोलकिया शामिल हुए।

### स्टॉक मार्केट में ढाई साल की सबसे बड़ी गिरावट, रुपये की गिरावट और मुनाफावसूली से बिगड़ा बाजार का मूड



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार के लिए आज खत्म हुआ कारोबारी सप्ताह काफी निराशाजनक रहा। इस सप्ताह सेंसेक्स अभी तक 4,091.53 अंक टूट चुका है। इसी तरह निफ्टी में भी इस सप्ताह 1,180.80 अंक की गिरावट आ चुकी है। जून 2022 के बाद घरेलू शेयर बाजार में पहली बार साप्ताहिक आधार पर इतनी बड़ी गिरावट आई है। शेयर बाजार में आई इस जोरदार गिरावट के कारण निवेशकों को सिर्फ 5 दिन के कारोबार में ही 18.31 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। माना जा रहा है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व (यूएस फेड) के रुख में आए बदलाव, विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली, घरेलू निवेशकों द्वारा की जा रही मुनाफा वसूली और डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में आई ऐतिहासिक गिरावट के कारण इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार लगातार दबाव में कारोबार करता रहा। खुराना सिक्योरिटीज एंड फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ रवि चंदर खुराना के अनुसार इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में आई गिरावट की सबसे बड़ी वजह विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा की जा रही बिकवाली को माना जा सकता है। इस सप्ताह विदेशी निवेशक अभी तक करीब 12,230 करोड़ रुपये की बिकवाली कर चुके हैं। सिर्फ गुरुवार के दिन ही उन्होंने 4,224.92 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी। इस सप्ताह विदेशी निवेशक जिस तरह से भारतीय स्टॉक मार्केट से पैसा निकाल रहे हैं, उससे अक्टूबर में हुई अंधाधुंध बिकवाली की याद आने लगी है। अक्टूबर में विदेशी निवेशकों ने 90 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की थी, जिससे बाजार पूरी तरह से दबाव में आ गया था। खुराना का कहना है कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली के साथ ही अमेरिकी फेडरल रिजर्व के रुख में आए बदलाव से भी दुनिया के ज्यादातर स्टॉक मार्केट में निवेशकों का मूड बिगड़ा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने 2025 के दौरान मॉनिटरी पॉलिसी में सख्त रुख अपनाने का संकेत दिया है।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मामूली कमजोरी के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स बड़ी गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान जबरदस्त बिकवाली का शिकार हो गया। एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार हो रहा है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.09 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,867.08 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.12 प्रतिशत फिसल कर 19,369.58 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 260.42 अंक यानी 0.62 प्रतिशत टूट कर 42,081.82 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 1.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,105.32 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 1.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,294.37 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 272.71 अंक यानी 1.37 प्रतिशत लुढ़क कर 19,969.86 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक मामूली तेजी के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं।

# देश के पहले अपतटीय क्षेत्र खनिज ब्लॉक नीलामी पर रोड शो करेगा खान मंत्रालय

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

खान मंत्रालय शनिवार को गुजरात के पोरबंदर में बड़ा रोड शो करेगा। इसमें देश के अपतटीय क्षेत्रों में खनिज ब्लॉकों की पहली ई-नीलामी की झांकी प्रमुखता से दर्शाई जाएगी। ई-नीलामी के इस चरण में कुल 13 खनिज ब्लॉक शामिल हैं।

खान मंत्रालय की तरफ से शुक्रवार को जारी बयान के मुताबिक कार्यक्रम की अध्यक्षता खान मंत्रालय के सचिव वीएल कांथा राव करेंगे। गुजरात के भूविज्ञान और खान आयुक्त धवल पटेल और अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा उद्योग जगत के नेता इसमें शामिल होंगे। इसके साथ ही खनन, सीमेंट और बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के इसमें भाग लेने की संभावना है, जो इस परिवर्तनकारी अवसर में बढ़ती रुचि को



दिखाता है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण अपतटीय ब्लॉकों की खनिज क्षमता पर तकनीकी प्रस्तुति देगा। रोड शो में एसबीआई कैपिटल मार्केट्स (एसबीआईसीएपीएस), मेटल स्क्रैप ट्रेड कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएसटीसी) और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) की तरफ से प्रस्तुतियां दी जाएंगी। वहीं, एसबीआई कैपिटल मार्केट्स नीलामी प्रक्रिया की रूपरेखा तैयार करेगा, जिसमें समय-सीमा, निविदा और भागीदारी की शर्तें शामिल होंगी। साथ ही मेटल स्क्रैप ट्रेड कॉर्पोरेशन लिमिटेड निर्बाध और पारदर्शी बोली प्रक्रिया सुनिश्चित करने वाले उन्नत ई-नीलामी प्लेटफ़ॉर्म प्रस्तुत करेगा। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने 28 नवंबर 2024 को अपतटीय खनिज ब्लॉकों की भारत की पहली ई-नीलामी का शुभारंभ किया था। यह कार्यक्रम इसी सिलसिले में आयोजित किया जा रहा है। नीलामी के इस चरण में लिए कुल 13 खनिज ब्लॉक हैं। ई-नीलामी में गुजरात में 3 लाइममड (चूना-पत्थर) ब्लॉक, केरल में 3 भवन निर्माण रेत ब्लॉक के साथ अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में सात पॉलीमेटेलिक नोड्यूल और क्रस्ट ब्लॉक है।

## नर्मदापुरम की हलचल



### मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर का आयोजन

**सिवनी-मालवा।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत रतवाडा में मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर का आयोजन ग्राम के पंचायत भवन में किया गया। शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर सरपंच श्रीमती फूलवती गौर द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। जिसमें प्रदेश सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के लिए 70 आवेदन प्राप्त हुए शिविर में रामकुमार पाठक पंचायत समन्वयक अधिकारी, एम, के दुबे पशु चिकित्सा अधिकारी नोडल अधिकारी हरीश देशमुख पटवारी सुरेश कुशराम पंचायत सचिव सचिन उइके ग्राम रोजगार सहायक रूपेश राजपूत सुभाष झरिया भाजपा मंडल महामंत्री, अजा मोर्चा, तानसेन मेहरा ग्राम कोटवार, शंकर लाल गौर एवं आंगनबाडी कार्यकर्त्ता निर्मला राजपूत और सहायिका सुषमा राजपूत भी मौजूद रही।

### मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से मरीजों के इलाज हेतु म.प्र. शासन का प्रभावी कदम

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य के क्षेत्र में की गई कई पहलें, विशेष रूप से मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से की गई सहायता, ने लाखों लोगों के जीवन में बदलाव लाया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में, म.प्र. शासन का सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल ने नर्मदापुरम जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 1 जुलाई 2024 से 18 दिसंबर 2024 तक मरीजों के इलाज के लिए 482 अस्पतालों/मरीजों को कुल राशि 1 करोड़ 60 लाख 45 हजार 585 रुपये का भुगतान किया है। इस राशि से विभिन्न गंभीर बीमारियों के इलाज में सहायता प्राप्त हुई है और प्रदेश के हजारों मरीजों को राहत मिली है। मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद के तहत, यह राशि इलाज के लिए त्वरित और समय पर प्रदान की जाती है, ताकि मरीजों को चिकित्सा सेवाएं तुरंत मिल सकें। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के गरीब और पिछड़े वर्ग के लोगों को इलाज के लिए वित्तीय मदद देना है, ताकि वे उच्चतम चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

### तलवार से हत्या करने वाले तीन आरोपियों को 10 साल की सजा

**इटारसी।** आज शुक्रवार को तृतीय जिला न्यायाधीश सुशीला वर्मा ने थाना इटारसी के शासन द्वारा चिन्हित एवं सनसनीखेज अपराध के आरोपी तुलसीराम रैकवार पिता बाबूलाल रैकवार, उम्र 59 वर्ष, भानू रैकवार पिता बाबूलाल रैकवार, उम्र 32 वर्ष, केशव पिता बाबूलाल रैकवार, उम्र 34 वर्ष, सभी निवासी बैंक कॉलोनी, इटारसी को प्रशांत शाह पिता प्रकाश शाह, निवासी बैंक कॉलोनी, इटारसी की हत्या के आरोप में 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं जुर्माने से दण्डित किया गया। अति. जिला अभियोजन अधिकारी एच. एस. यादव ने बताया गया कि 1 जुलाई 2020 की रात्रि करीब 11.00 बजे प्रशांत अपने घर के सामने भाई विजय शाह और उसके दोस्त बाबू उर्फ रमाकांत तिवारी के साथ खड़े होकर बातें कर रहा था तभी पड़ोसी तुलसीराम रैकवार और उसके लड़के भानू, केशव व प्रीतम आये जिन्होने फरियादी पक्ष को गंदी-गंदी गालियां देते हुए बेसवॉल, तलवार, चाकू तथा लोहे की रॉड से प्रशांत, विजय एवं बाबू तिवारी पर अचानक हमला कर दिया। जिससे प्रशांत, भाई विजय व बाबू घायल हो गये।

#### कलेक्टर दुबे ने आरओ बैठक में की राजस्व महाअभियान 3.0 की समीक्षा

## राजस्व प्रकरणों के निराकरण, नामांतरण, बटवारा, अभिलेख दुरुस्ती कर अधिकारियों को दिए निर्देश

रायसेन ■ अमृत दर्शन



कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आरओ बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री दुबे ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से तहसीलवार राजस्व महाअभियान 3.0 अंतर्गत राजस्व प्रकरणों का निराकरण, नामांतरण, बटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन, नक्शे में बटांकन, पीएम किसान, आधार खसरा लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना की विस्तार से समीक्षा की कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर दुबे ने राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत तहसीलवार प्रत्येक घटक के लक्ष्यों और प्रकरणों के निराकरण की विस्तार से जानकारी ली। वीसी में जानकारी दी गई कि नामांतरण, बटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन में अधिकांश राजस्व प्रकरणों का निराकरण कर लिया गया। शेष प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु सतत रूप से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने खसरा लिंकिंग, पीएम किसान सम्मान निधि, स्वामित्व योजना पर विस्तार से ग्रामवार समीक्षा करते हुए तेजी से निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुबे ने सभी एसडीएम को अनुभाग और तहसील स्तर पर प्रतिदिन कार्यप्रगति की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा तथा एसएलआर सहित अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि बैठक में उपस्थित हुए।

## रायसेन में पुलिस जवानों की जनरल परेड का हुआ आयोजन



रायसेन ■ अमृत दर्शन



रायसेन जिला पुलिस लाइन ग्राउंड में शुक्रवार को पुलिस बल की जनरल परेड आयोजित की गई। इस दौरान एसपी पंकज कुमार पाण्डेय ने जवानों के शारीरिक फिटनेस की जांच की। वहीं, जवानों के शस्त्र प्रशिक्षण पर भी जोर दिया गया। यह परेड नर्मदापुरम आईजी मिथिलेश कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार अब हर मंगलवार और शुक्रवार को आयोजित की जाएगी। परेड में पुलिस लाइन और जिला बल के पुलिस अधिकारी और जवान मौजूद रहे। परेड को कमांड एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, थाना कोतवाली प्रभारी संदीप चौरसिया, सूबेदार प्रदीप रघुवंशी ने किया।

इस दौरान एसपी पंकज कुमार पाण्डेय ने बताया कि परेड जवानों में अनुशासन और एकता की भावनाओं को बेहतर बनाने के लिए करवाई जा रही है। साथ ही इस दौरान जवानों की शारीरिक फिटनेस और शस्त्र कौशल पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

#### विधानसभा में उठा नर्मदापुरम की खराब सड़कों का मुद्दा

## खराब गुणवत्ता के कारण आवागमन लायक नहीं सड़क, ओवरलोड डंपर भी वजह

नर्मदापुरम ■ निसं



होशंगाबाद (नर्मदापुरम) विधानसभा क्षेत्र में बनी खराब सड़कों का मुद्दा मप्र विधानसभा में उठाया गया। क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर सीताशरन शर्मा ने विधानसभा में नियम 267- के अधीन क्षेत्र में खराब गुणवत्ता और मंथर गति से बनाई सड़कों का विषय उठाते हुए कहा कि हमारी विधानसभा क्षेत्र में कुछ सड़कों की गुणवत्ता खराब है। निर्माण कार्य इतना खराब रहा कि बनने के कुछ महीने बाद ही सड़क कई जगह से उखड़ गई और गड्ढे हो गए। हालत ये है कि करोड़ों रुपए की लागत से बनी उक्त सड़कों के खराब गुणवत्ता के बनाए जाने के कारण उक्त सड़कें अनेक स्थानों पर आवागमन के योग्य नहीं है। शिकायत के बाद भी उक्त सड़कों की जांच नहीं की जा रही है। विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष को बताया कि नर्मदापुरम जिले के नर्मदापुरम विधान सभा क्षेत्र में आने वाली (1) पांजरा से रैसलपुर, (2) रैसलपुर से निटाया, (3) बरंडुआ-रंढ़ाल, (4) डोंगरवाड़ा-हासलपुर सड़क का निर्माण कार्य अत्यन्त खराब गुणवत्ता एवं बेकार रहा है।

### सड़क 6 महीने के भीतर ही क्षतिग्रस्त हो गई

विधायक ने जिन सड़कों का मुद्दा उठाया। उनमें पांजरा से रेसलपुर सड़क डेढ़ दो साल पहले प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग ने बनाई है। मेहराघाट की रेत खदानों से निकलने वाले कई ओवरलोड डंपर इसी रास्ते से निकलकर फोरलेन पर जाते रहे। जिस वजह से भी ये सड़क 6 महीने के भीतर ही क्षतिग्रस्त हो गई। आरटीओ, खनिज और यातायात द्वारा ओवरलोड डंपरों पर एक्शन न लिए जाने की वजह से ही अन्य सड़कों की भी हालात खस्ताहाल हो रही है। पवारखेड़ा बायपास की सड़क भी बारिश से पहले इसी वजह से खराब हो गई थी। जिसका सुधार कार्य लोकनिर्माण विभाग ने डेढ़ महीने पहले ही कराया है।

### इटारसी एसडीएम ने किया रैन बसेरा का निरीक्षण

**इटारसी।** इटारसी में रेलवे स्टेशन के सामने बने नगरपालिका के रैन बसेरा का गुरुवार रात 10 बजे एसडीएम प्रतीक राव ने निरीक्षण किया। यहां रुके महिला और पुरुष अलग-अलग कमरों का जायजा लिया। यहां लोगों बात कर व्यवस्थाओं के बारे में बात की। एसडीएम ने रैन बसेरा का सुपर वाइजर नितिन मिश्रा से यहां की व्यवस्था के बारे में पूछताछ की। एसडीएम ने रैन बसेरा में रुकी पूनम चौरसिया, सुगंधी बाई, सुखना बाई और दिलीप नेमा, महेश, जय से फीडबैक लिया। एसडीएम ने कहा कि ठंड के मौसम में कोई भी खुले में ना सोए। इसी उद्देश्य से रैन बसेरा बनाया जाता है। भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण किए जाते रहेंगे, ताकि जो सुविधाएं मिलनी चाहिए, उनका पता चल सके।

## संयुक्त संचालक शिक्षा ने किया स्कूलों का निरीक्षण

### अतिथि शिक्षक पाया गया अनुपस्थित



सिवनी मालवा ■ निसं

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं एवं 12वीं आगामी माह फरवरी एवं मार्च में आयोजित होगी तथा कक्षा नवमी एवं 11वीं की परीक्षा फरवरी में होगी संभाग का बोर्ड परीक्षा परिणाम पिछले वर्षों के अपेक्षा अधिक रहे इसी के उद्देश्य से संभाग एवं जिले के अधिकारियों द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है।

लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार श्रीमती भावना दुबे संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदा पुरम संभाग द्वारा विकासखंड सिवनी मालवा के शासकीय नेहरू स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बानापुरा शासकीय हाई स्कूल नाहरकोला कला तथा शासकीय नवीन हाई स्कूल इकलानी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया शासकीय नवीन हाई स्कूल इकलानी में संस्था में कार्यरत नियमित शिक्षक चार उपस्थित पाए गए अतिथि शिक्षक सुनील दुबे निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने हेतु पालकों से संपर्क किया जाए एवं परीक्षा परिणाम बढ़ाने हेतु प्रतिदिन गृह कार्य एवं इसका परीक्षण भी किया जाए शासकीय प्राचार्य मनित दुबे मेडिकल अवकाश पर पाए गए संयुक्त संचालक शिक्षा श्रीमती दुबे द्वारा सभी प्राचार्य को निर्देशित किया गया की अर्धवार्षिक परीक्षा समाप्त हो गई है सभी विषयों का मूल्यांकन करके उत्तर पुस्तिकाएं छात्र-छात्राओं को अवलोकन के लिए बताई जाए 30 दिसंबर तक विमर्श पोर्टल पर परीक्षा परिणाम दर्ज किया जाए तथा पालक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित परीक्षा परिणाम छात्र-छात्राओं के पालकों को आवश्यक रूप से बताया जाए जो विद्यार्थी लंबे समय से संस्था से अनुपस्थित है गृह संपर्क करके उनके पालकों को अवगत कराया जाए शीतकालीन अवकाश के दौरान सभी छात्र-छात्राओं को सभी विषयों का गृह कार्य आवश्यक रूप से दिया जाए।

#### मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर के अंतर्गत, 130 लर्निंग लाइसेंस बने

## होम साइंस कॉलेज में लगाया गया निःशुल्क लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस कैंप

नर्मदापुरम ■ निसं



आज कलेक्टर सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरूकरण सिंह के निर्देशानुसार आरटीओ अधिकारी श्रीमती निशा चौहान एवं यातायात डीएसपी श्री संतोष मिश्रा के नेतृत्व में एवं कॉलेज प्राचार्या श्रीमती कामिनी जैन की उपस्थिति में एक दिवसीय निःशुल्क लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का आयोजन नर्मदापुरम के होम साइंस कॉलेज में आयोजित किया गया। जिसमें कॉलेज प्राचार्यगण के साथ समस्त कॉलेज की छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रही।

इस निःशुल्क लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस कैंप में कुल 130 छात्राओं के लाइसेंस बने। कॉलेज छात्राओं में वाहन चलाने हेतु अनिवार्य ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के प्रति विशेष रुचि सामने आई। सुबह से ही छात्राएं लाइसेंस हेतु अनिवार्य दस्तावेज लेकर कॉलेज में पहुंची। कैंप के शुरुआत में आरटीओ अधिकारी के द्वारा छात्राओं को परिवहन नियमों की जानकारी देते हुए हमेशा सभी दस्तावेजों को पूर्ण लेकर चलने की सीख दी गई जिससे होने वाली चालानी कार्यवाही के साथ ही किसी दुर्घटना से बचाव हेतु सुरक्षा उपकरण जैसे सीट बेल्ट, हेलमेट का प्रयोग हमेशा करने के लिए कहा गया। साथ ही कॉलेज कैंपस में पर्व परिवहन विभाग द्वारा एक चार्ट लगाया गया जिसमें छात्राओं को स्वयं अपने मोबाइल या कंप्यूटर द्वारा लर्निंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया बताई गई है जिससे कि छात्राएं अपने तथा अपने आसपास के लोगों का लर्निंग लाइसेंस बना सकें। यातायात डीएसपी ने छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी के साथ ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी, जिसमें ट्रैफिक सिग्नलों, 3 सवारी न चलने के अलावा अन्य नियमों का पाठ पढ़ाया गया।



## नगर में धूमधाम के साथ निकली राम जी की ऐतिहासिक बारात, बाराती बने हजारों शहर वासी

रायसेन ■ अमृत दर्शन

ऐतिहासिक रामलीला मेला के चलते शुक्रवार को भगवान श्री राम जी की ऐतिहासिक बारात धूमधाम के साथ निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में सनातन धर्म प्रेमी जय जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए उत्साह के साथ शामिल हुए।

नगर के चोपड़ा मोहल्ला स्थित मंदिर से श्री राम जी की विशाल बारात प्रारंभ की गई जो चोपड़ा मोहल्ला होते हुए पुरानी बस्ती क्षेत्र के पुराना कोतवाली, श्री राम जानकी मंदिर, तिपट्टा बाजार होते हुए दुर्गा चौक होकर माता मंदिर चौराहा, सांची मार्ग होकर महामाया चौक, गांधी प्रतिमा के सामने से होते हुए भोपाल सागर तीराहा होकर गंज बाजार हनुमान मंदिर से होकर श्री रामलीला गेट से होते हुए देर शाम को श्री रामलीला मैदान पहुंची जहां भगवान श्री राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न की महा आरती की गई, जिसमें हजारों की संख्या में सनातन धर्म प्रेमियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस समय ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो अयोध्या में भगवान श्री राम जी की बारात लग रही हो। नगर में भगवान राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुहन की एक झलक पाने के लिए सड़कों के दोनों तरफ एवं घरों की गेलरी से दर्शकों ने दर्शन लाभ लिए एवं अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ आतिशबाजी चलाई गई। भगवान को जगह-जगह पुष्प मालाएं पहनाई गई और आशीर्वाद लिया गया महिलाएं अपने हाथों में पुष्प हार एवं आरती के थाल लेकर बारात का स्वागत कर रही थी।

## गोद ग्राम बिल्धी में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का दिया संदेश



सिवनी मालवा ■ निसं

स्थानीय शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय को शमध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व को दृष्टिगत रखते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड क्रॉस यूथ विंग के संयुक्त तत्वाधान में गोद ग्राम बिल्धी में छात्र-छात्रा द्वारा स्वच्छता अभियान एवं स्वास्थ्य जागरूकता के लिए जन जागरूकता रैली निकाल कर ग्रामीण वासियों को स्वच्छता का संदेश दिया द्य कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान एवं स्वास्थ्य पर तैयार किया गया नुक्कड़ नाटक सभी ग्राम वासियों के सामने प्रस्तुत किया और ग्रामीण वासियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संदेश दिया द्य राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ मोहन गुर्जर ने कहा कि युवा वर्ग को समय-समय पर उचित मार्गदर्शन मिलते रहना चाहिए। युवाओं की रचनात्मक कार्यों के प्रति दिलचस्पी बढ़ाने के लिए जागरूकता करने के लिए इसी तरह विशेष कार्यक्रम भी आयोजित करने होंगे। रेड क्रॉस विंग प्रभारी श्री नवनीत कुमार सोनारे ने बताया कि मुख्यमंत्री कल्याण पर्व कार्यक्रम जो 11 दिसंबर से 26 दिसंबर तक विभिन्न तरह के कार्यक्रमों में युवा वर्ग को अपनी सक्रिय भागीदारी से इस कार्यक्रम को सफल बनाना है जिससे युवाओं को उचित मंच भी मिल सकेगा द्य इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विजयश्री मालवीय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्राएं एवं छात्र उपस्थित रहे।

#### कलेक्टर के फर्जी सील साइन और आदेश से जमीन खरीदी का मामला

## पटवारी सहित जमीन खरीदने और बेचने वाले 6 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

### शिकायत के दो महीने बाद पुलिस ने दर्ज किया मामला

सिवनी मालवा ■ निसं

नर्मदा पुरम जिला वर्तमान कलेक्टर व एक पूर्व कलेक्टर के फर्जी सील साइन व आदेश से आदिवासियों की जमीन सामान्य वर्ग के व्यक्तियों को विक्रय के मामले में पुलिस ने जांच के बाद पटवारी सहित 7 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस मामले का खुलासा 28 अक्टूबर को हुआ था। सिवनी मालवा के रजिस्ट्रार ने एसपी को मामले में कार्रवाई करने आवेदन दिया था। शिकायत के 52 दिन बाद पुलिस ने एक निलंबित पटवारी सहित जमीन क्रय-विक्रय करने वाले 7 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर रजिस्ट्री कराने के मामले में जमीन विक्रेता पुष्पेंद्र सिंह बड़कुड, श्रीमना बाई पति राजेन्द्र सिंह बड़कुड के साथ ही खरीददार प्रेरणा खंडेलवाल पति शिखर खंडेलवाल, सोनाली पति आनंद खंडेलवाल, अनुराग पिता नारायण प्रसाद जलखरे और निलंबित पटवारी नरेन्द्र सोलंकी पर धारा 420, 467, 68, 71 के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। इस मामले के सभी आरोपी फरार है।

**जल्द गिरफ्तारी होगी:** कलेक्टर के फर्जी आदेश और सील साइन से आदिवासी की जमीन सामान्य वर्ग के लोगों को विक्रय के मामले में क्षेत्र के पटवारी सहित 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जांच में और भी जो नाम सामने आएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह अपराध जुलाई 2024 के पूर्व में घटित हुए हैं।

**अनूप सिंह उईके, थाना प्रभारी सिवनी मालवा**

**फर्जी सील बनाने वालों तक नहीं पहुंच सकी पुलिस:** पुलिस ने जांच में निलंबित पटवारी सहित 6 लोगों को आरोपी बनाया, लेकिन अभी तक यह पता नहीं चल सका कि कलेक्टर की फर्जी सील कहां से बनी, साइन किसने किए। इस मामले में और कितने लोग शामिल हैं। जमीन विक्रय के तत्काल बाद नामांतरण

**आरोपियों को मिल गई थी एफआईआर की जानकारी:** पुलिस ने मामले में जांच के लिए लम्बा समय लिया। इस बीच जैसे ही थाने में प्रकरण दर्ज हुआ तो आरोपी फरार हो गए। इस मामले की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी होने से जांच पर सवाल उठ रहे हैं।

मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश में आदिवासी वर्ग (अनुसूचित जनजाति) के भूमिस्वामियों की भूमि को गैर आदिवासियों के पक्ष में विक्रय के लिए मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता की धारा 165 में प्रावधान किए गए हैं। इनके तहत आदिवासी भूमिस्वामी को अपनी भूमि गैर आदिवासी को बेचने के लिए कलेक्टर से विधि अनुसार अनुमति प्राप्त करना होती है एवं

**तीन मामले आए सामने:** आरोपियों ने पहली फर्जी रजिस्ट्री 18 मार्च 2023 को तत्कालीन कलेक्टर नीरज सिंह के नाम से कराई थी। जबकि दो रजिस्ट्री 21 मई 2024 को वर्तमान कलेक्टर सोनिया मीना के फर्जी आदेश व सील साइन से कराई थी। पुलिस ने सिवनी मालवा के राजस्व विभाग और जिला मुख्यालय से दस्तावेज मांगे हैं। जांच में कुछ और नाम सामने आ सकते हैं।

**गैर आदिवासियों के पक्ष में जमीन विक्रय के लिए कलेक्टर की अनुमति आवश्यक:** कलेक्टर की अनुमति के आधार पर ही पंजीयक के द्वारा आदिवासी वर्ग के भू-स्वामियों की भूमि को किसी गैर आदिवासी व्यक्ति के पक्ष में विक्रय पत्र का पंजीयन किया जाता है। इस मामले में कलेक्टर के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत ही नहीं किया गया था।


प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा आर.टी.ओ. ऑफिस के पास, सागर रोड, रायसेन से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित।: संपादक- डी.पी. गोयल। मो. 9827054436, 9826735596. भोपाल कार्यालय : 4240007. फैक्स: 0755-4296195 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।